सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

वर्ष- 15 अंक - 156 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, मंगलवार 19 मार्च 2024 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

सिर फुटौव्वल से कांग्रेस में कोहराम!

भूपेश पर पार्टी कार्यकर्ता लगा रहे खुले आरोप, खुद महादेव एप मामले में घिरे, सिसोदिया का लेटरबम भी फूटा

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क

रायपुर। लोकसभा चुनाव से ऐन पहले कांग्रेस का सिर फुटौव्वल खुद उसके लिए परेशानी का सबब बनने लगा है। चहुंओर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ही घिरते नजर आ रहे हैं। उनकी खुद की पार्टी के कार्यकर्ता आरोप लगा रहे हैं कि कांग्रेस शासनकाल में कार्यकर्ताओं को सम्मान नहीं मिला। वहीं, पूर्व सीएम भूपेश स्वयं महादेव एप मामले में घिरते नजर आ रहे हैं। रही-सही कसर प्रदेश कांग्रेस के पूर्व महासचिव अरूण सिसोदिया ने पूरी कर दी है। उन्होंने पीसीसी चीफ दीपक बैज को पत्र लिखकर भूपेश के राजनीतिक सलाहकार रहे विनोद वर्मा के बेटे की कंपनी को करीब 6 करोड़ के अवैधानिक भुगतान करने का आरोप लगाया है। इधर, सीएम विष्णुदेव साय ने यह कहकर कांग्रेस और भूपेश बघेल को घेरा है कि वे अपने अहंकार में कहते रह गए कि भूपेश है तो भरोसा है। इधर, कांग्रेस ने भी पलटवार किया है कि भूपेश के खिलाफ राजनीतिक साजिश की गई है।

गत दिवस भाजपा के नेताओं ने प्रदेशभर में प्रेस कांफ्रेंस कर महादेव ऐप मामले में कांग्रेस को जमकर घेरा। निशाने पर कांग्रेस की पिछली सरकार और उसके तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल थे। कांग्रेस पार्टी ने भूपेश को राजनांदगांव संसदीय सीट से प्रत्याशी बनाया है। उनके खिलाफ हाल ही में महादेव ऐप मामले को लेकर एफआईआर दर्ज हुई है, जिसे लेकर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने प्रदेशभर में प्रेस कांफ्रेंस कर कांग्रेस को भ्रष्टाचार और घोटालों का जनक बताया।

दूसरी ओर कांग्रेस की सफाई भी सामने आई है। उसका कहना है कि भूपेश सरकार ने तो महादेव ऐप पर कार्यवाही की थी। ऐप बंद करने केंद्र सरकार और गूगल को पत्र लिखा गया था। सत्तारूढ़ दल भाजपा ने सोमवार को संभागीय मुख्यालयों में प्रेस कांफ्रेंस कर महादेव ऐप मामले में कांग्रेस को खूब घेरा। कैबिनेट मंत्री व रायपुर लोकसभा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने रायपुर में, उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने बिलासपुर, दुर्ग में विधायक गजेंद्र यादव, अंबिकापुर में विधायक प्रबोध मिंज और जगदलपुर में भाजपा नेता श्रीनिवास मद्दी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पिछली सरकार को जमकर घेरा। रायपुर में बृजमोहन अग्रवाल ने भूपेश बघेल से पूछा कि महादेव ऐप को लेकर शुभम सोनी के वीडियो पर बघेल चुप क्यों हैं? मामले में राजनांदगांव लोकसभा सीट से अपने खिलाफकांग्रेस प्रत्याशी बनाए गए भूपेश बघेल पर सबसे करारा वार राजनांदगांव सांसद और बीजेपी प्रत्याशी संतोष पांडेय ने किया। इधर, महादेव एप पर चौतरफा घिरी कांग्रेस का आरोप है कि महादेव ऐप को बचाने भूपेश बघेल पर एफआईआर हुई, जिस पर डिप्टी सीएम ने पटवार कर कहा कि आरोप चोर की दाढ़ी में तिनके जैसे हैं। एक तरफ भाजपा महादेव एप मामले में कांग्रेस और पूर्व सीएम भूपेश बघेल को चौतरफा घेर रही है तो दूसरी ओर कांग्रेस बचाव और सफाई की मुद्रा में है और खुद पर चुनावी दौर में सियासी शिकार किए जाने का आरोप लगा रही है, पर बड़ा सवाल ये है कि इस मामले में कांग्रेस के दिग्गज नेता खामोश क्यों हैं? 2024 के लोकसभा चुनावों पर इसका क्या असर होगा?

'भूपेश है तो भरोसा है' पर कसा तंज

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कांग्रेस पार्टी और पूर्व सीएम भूपेश बघेल पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि भूपेश अपने अहंकार में यह कहते रह गए कि मैं हूँ तो भरोसा है। हाल ही में कांग्रेस के एक नेता ने राजनांदगांव में भरे मंच से अपनी नाराजगी जाहिर की थी। उन्होंने भूपेश बघेल पर सीएम रहने के दौरान जमीनी कार्यकर्ताओं की उपेक्षा का खुला आरोप लगाया था, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ। इस मामले में भाजपा भी एक्टिव हो गई है। भाजपा के नेता इस वीडियो को शेयर करते हुए कांग्रेस को निशाने पर ले रहे हैं। खुद सीएम विष्णुदेव साय ने यह वीडियो अपने एक्स अकाउंट पर शेयर करते हुए कांग्रेस और बघेल पर कटाक्ष किया है। उन्होंने लिखा 'वो अपने अहंकार में कहते रह गए, मैं हूँ तो भरोसा है। उनके कार्यकर्ता उनके मुंह पर ही कह रहे हैं कि 5 साल हमारी सुनी ही नहीं गई। हमें प्रताड़ित किया गया। छत्तीसगढ़ की देवतुल्य जनता ने उनके धोखे को पहले ही पहचान लिया था और मोदी की गारंटी पर विश्वास अटूट रहा। सीएम साय ने लिखा,- जो अपने दरी उठाने वाले कार्यकर्ताओं के नहीं हुए, वे जनता के क्या होंगे भला?

विनोद वर्मा के बेटे की कंपनी को पहुंचाया 5.89 करोड़ का लाभ!

प्रदेश कांग्रेस के पूर्व महामंत्री अरुण सिसोदिया ने पीसीसी चीफदीपक बैज को पत्र लिखकर कांग्रेस कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल पर गंभीर आरोप लगाए हैं। अरुण सिसोदिया ने आरोप लगाते हुए कहा है कि रामगोपाल अग्रवाल ने कांग्रेस पार्टी को 5 करोड़ 89 लाख रुपए का चूना लगाया है। सिसोदिया की मानें तो रामगोपाल ने पीसीसी चीफ से बिना अनुमति लिए पूर्व सीएम भूपेश बघेल के राजनीतिक सलाहकार विनोद वर्मा की बेटे की कंपनी को मोटी रकम दी है। इसके साथ ही उन्होंने रामगोपाल अग्रवाल को पार्टी से बाहर करने की मांग की है। सिसोदिया ने लिखा है कि सरकार आने के बाद भी संगठन को किसी प्रकार आर्थिक सहयोग नहीं दिया जाता था। हमारे द्वारा कई बार बैठक में और छग प्रभारी कुमारी सैलजा से अनुरोध व मांग करने के बावजूद ब्लाक अध्यक्ष व जिला अध्यक्ष को 5-10 हजार मासिक संगठन के कार्य करने नहीं दिया गया। पर अपने परिवार के लोगों को एक कमरे में बैठकर कार्यादेश व गवाह निजी लोगों को बनाकर भुगतान कर दिया गया। साथ ही जो रकम 10 लाख 6 लाख व 3 लाख यानी 19 लाख प्रति माह मुगतान किया गया वो वर्तमान में 10 गुना है। यानी प्रति माह 20 लोगो की टीम 3 लाख में कार्य कर रही है, जैसा कि आपको पूर्ण विदित है।

आगे उन्होंने दीपक बैज से मांग की है कि 5 साल में ही सरकार और संगठन में मनमानी करने वाले गिरोह को पार्टी से बाहर किया जाए व हार के जिम्मेदार लोगों को सक्रिय राजनीति व पार्टी से दूर रखा जाए तभी पार्टी का उत्थान संभव है। सिसोदिया ने अपने पत्र में कहा है कि प्रदेश कांग्रेस



के कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल द्वारा अपने मित्र व पूर्व सीएम के राजनीतिक सलाहकार रहे विनोद वर्मा के बेटे की कंपनी टेसू मीडिया लैब गाजियाबाद को 5 करोड़ 89 लाख रूपए बिना प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम व प्रभारी महामंत्री की जानकारी व अनुमति के भुगतान किया गया, जबकि कोषाध्यक्ष को कार्यादेश जारी करने की अनुमति नहीं है और पार्टी पायलाज के अनुसार प्रदेश कार्यकारिणी में प्रस्ताव लाकर पास करना आवश्यक है। साथ ही प्रदेश अध्यक्ष के नोटशीट एप्रुवल लिया जाना भी जरूरी है। बता दें कि रामगोपाल अग्रवाल वही शख्स हैं जिनके ऊपर कोयला ट्रांसपोर्टर्स से 25 रुपए प्रति टन की दर से कमीशन लेने का आरोप है। बीते दिनों ईडी ने रामगोपाल अग्रवाल के कई ठिकानों पर दबिश दी थी, जिसके बाद से वे फरार हैं। वहीं, अब पार्टी के ही नेता ने रामगोपाल अग्रवाल पर गंभीर आरोप लगा रहे हैं।

कांग्रेस नेता ने उजागर की थी अपनी पीड़ा

राजनांदगांव में लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल की मौजदूगी में हुए कार्यक्रम में कांग्रेस नेता व पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुरेन्द्र दाऊ ने की पीड़ा सामने आई थी। उन्होंने भरे मंच से यह कहकर सनसनी फैला दी थी कि कांग्रेस शासन के पांच साल में कार्यकर्ताओं का न कोई काम हुआ और न ही उन्हें सम्मान मिला। सुरेन्द्र दाऊ का कहना था,- मेरी बातें यदि बुरी लगे तो मुझे पार्टी से निष्कासित कर सकते हैं। 5 साल हम आपसे मिलने के लिए तरसते रहे। खास बात यह है कि इस दौरान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र दाऊ को रोकते हुए दिखे, लेकिन वह नहीं रुके और जमकर अपनी भड़ास निकाली। कांग्रेस नेता सुरेंद्र दाऊ के इस साफगोई को लेकर कांग्रेस में खलबली मची हुई है। पूर्व सीएम भूपेश राजनांदगांव से लोकसभा प्रत्याशी हैं। उन्हें उम्मीदवार बनाए जाने के बाद यहां कार्यकर्ताओं में गुटबाजी साफतौर पर दिख रही है।

खास-खबर

प्रेमी के साथ बाइक पर घूमते पकड़ा, तो एक्स बॉयफ्रेंड ने चाकू से किया हमला

भिलाई। दुर्ग जिले के भिलाई-3 थाना क्षेत्र में एक युवक ने एक्स गर्लफ्रेंड और उसके ब्वॉयफ्रेंड पर चाकू से हमला कर दिया। बाइक से घूमने के दौरान वारदात को अंजाम दिया है। इस हमले में युवती की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक रायपुर तेलीबांधा के पास शताब्दी नगर निवासी दीपक सोनवानी (21) ने शिकायत दर्ज कराई है। उसने बताया कि 17 मार्च की शाम 7 बजे वो अपनी बाइक से गर्लफ्रेंड को बैठाकर दुर्ग की तरफ घूमने आया था।

दुर्ग घूमकर वो लोग रायपुर की तरफ लौट रहे थे। रात सवा 11 बजे के करीब जैसे भिलाई तीन स्थित पुराना बस स्टैंड पहुंचे. उन्हें दीपेश साहू मिला गया, जो युवती का एक्स ब्वॉयफ्रेंड था। उसने हमें रोकर चाकू टिका दिया। बाइक के पीछे बैठकर आगे चलने को कहा। इस तरह उसने दीपेश और उसकी प्रेमिका को चाकू की नोक पर पूरे शहर में घुमाया। इसके बाद दीपेश ने युवती के ऊपर काफी पैसे खर्च करने की बात कहते हुए वापस मांग रहा था। जब लड़की ने रुपए देने से मना किया, तो उसने पेट में चाकू घुसा दिया। इसके बाद दीपक ने बीच बचाव किया, तो उस पर भी कई वार किए। इस हमले में लड़की गंभीर रूप से घायल हो गई है। उसे पास के निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां से रायपुर रेफर किया गया है। पुलिस हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही है। पुलिस के मुताबिक दीपक सोनवानी और लड़की टाटीबंध के एक शोरूम में काम करते हैं। युवती वर्तमान में रायपुर रहती है। पहले भिलाई तीन में रहती थी। इसी दौरान दीपेश साहू से मुलाकात हुई और दोनों अच्छे दोस्त बन गए थे। जब बाद में युवती रायपुर आई, तो दोनों के बीच ब्रेकअप हो गया था।



सेना के मेजर ने बनाया ऐसा डिवाइस, जिससे कई टारगेट एक साथ किए जा सकते हैं तबाह, पेटेंट भी मिला

नईदिल्ली। भारतीय सेना को एक बड़ी कामयाबी मिली है। दरअसल सेना के ही एक मेजर ने ऐसी डिवाइस का निर्माण किया है, जिसकी मदद से एक ही समय पर कई ठिकानों को तबाह किया जा सकता है। साथ ही इसकी मदद से सेना के जवानों की सुरक्षा भी सुनिश्चित हो सकेगी। इस अविष्कार को पेटेंट भी मिल चुका है। भारतीय सेना ने बयान जारी कर इसे बड़ी उपलब्धि बताया है।

भारतीय सेना ने बयान जारी कर बताया कि सेना की कॉर्प्स ऑफ इंजीनियर्स के मेजर राजप्रसाद आरएस ने एक ऐसा डिवाइस बनाया है, जिसकी मदद से एक साथ कई लक्ष्यों को तबाह किया जा सकता है। खास बात ये है कि सेना के जवान इस वायरलेस डिवाइस की मदद से दूर से ही लक्ष्यों को तबाह कर सकते हैं। इससे उनकी सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी। इस डिवाइस को 'पोर्टेबल मल्टी टारगेट डेटोनेशन डिवाइस' नाम दिया गया है। सेना ने बताया कि इस डिवाइस को पेटेंट मिलने के बाद सेना में शामिल भी कर लिया गया है।

सुरक्षाबलों की बड़ी सफलता : मुठभेड़ में मारे गए चार नक्सली, भारी मात्रा में हथियार व विस्फोटक बरामद

श्रीकंचनपथ न्यूज

गढचिरौली। छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र बॉर्डर पर गढ़चिरौली पुलिस व सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है। बार्डर पर पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में चार माओवादी मारे गए हैं। बताया जा रहा है कि चारों माओवादी तेलंगाना स्टेट कमेटी के हैं। घटना स्थल पर पुलिस को भारी मात्रा में हथियार व विस्फोटक मिले हैं। पुलिस ने मुठभेड़ की पुष्टि की है। फिलहाल सुरक्षाबलों द्वारा आस पास सर्चिंग की जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार गढ़चिरौली के कोलामरका पहाड़ों के पास सी 60 और सीआरपीएफ क्यूएटी की कई टीमों के संयुक्त अभियान के दौरान नक्सलियों से मुठभेड़ हो गई। यह मुठभेड़ कोलामारका के जंगल में हुई। सुरक्षाबलों पर पहले से घात लगाए बैठे नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद जवानों ने मोर्चा संभाला और जवाबी कार्रवाई

शुरू की। सुरक्षाबलों को भारी पड़ता देख नक्सली भाग गए।

सर्चिंग के दौरान सुरक्षाबलों ने चार नक्सलियों के शव बरामद किए हैं। मौके पर इन नक्सलियों के पास से एक एके 47, एक कार्बाइन और दो देशी पिस्तौल समेत नक्सली साहित्य और सामान भी बरामद हुआ है। इन नक्सलियों पर महाराष्ट्र सरकार ने 36 लाख रुपए इनाम रखा गया है। सुरक्षाबलों द्वारा सर्चिंग की जा रही है। संभावना जताई जा रही है कि और भी नक्सलियों के शव बरामद किए जा सकते हैं।

छत्तीसगढ़ में बदला मौसम का मिजाजः कई जिलों में झमाझम बारिश, बिछी बर्फ की चादर, फसलें हुई बर्बाद

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ में मौसम के उलटफेर का दौर जारी है। प्रदेश में दो-तीन दिन के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। अगले तीन दिनों तक प्रदेश के कई जिलों में बारिश और ओले गिरने की की आशंका है। इसी कड़ी में कोरबा में सोमवार देर शाम अचानक बदलाव आया। घने बादल छाने के साथ तेज बारिश शुरू हो गई। लगभग आधे घंटे तक अलग-अलग क्षेत्रों में बारिश के साथ जमकर ओले भी गिरे। कोरबा पसान क्षेत्र में बारिश के साथ बर्फ गिरने सड़क, आंगन, खेत मे बर्फकी चादर सी बिछ गई। बारिश के साथ ओले गिरने से

फसलों को खासा नुकसान पहुंचने की आशंका है। कोरबी-चोटिया क्षेत्र में तेज आंधी, तूफान के मध्य बारिश और ओले गिरने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हुआ है। गेहूं, आम, चार, एवं मौसमी हरी सब्जियां नष्ट हुई हैं।

गौरेला पेण्ड्रा मरवाही में दूसरे दिन भी मौसम ने करवट ली है जिसके बाद गरज चमक के साथ तेज बारिश और ओलावृष्टि के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गई है तो किसानों की खड़ी फसलों को काफी नुकसान हुआ है। वहीं अचानक आई बारिश के चलते कई इलाकों में बिजली सप्लाई भी बाधित हुई है। अचानक आई बारिश से सामान्य से दो से तीन डिग्री तक तापमान में भी गिरावट देखने को मिली है।

पेण्ड्रा मरवाही इलाके में अचानक मौसम ने दूसरे दिन भी करवट ली है। अचानक दोपहर बाद मौसम बदला और गरज चमक के साथ तेज बारिश और ओलावृष्टि हुई है। मरवाही के गगनई, साल्हे कोटा, मड़वाही, धनपुर मझगवां सहित आसपास के काफी गांवों में ओलावृष्टि की खबर है वहीं अचानक आए मौसम में बदलाव के चलते तापमान में गिरावट भी दर्ज की गई है।

खुली किताब से ओपन स्कूल की बोर्ड परीक्षा

श्रीकंचनपथ

साल 2008 में छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल की स्थापना की गई। योजना के तहत शिक्षा से वंचित वर्ग को कक्षा 10 वीं व कक्षा 12 वीं में प्रवेश देकर व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रमों के माध्यम से शिक्षा दी जाती है। साल में दो बार अगस्त-जनवरी एवं फरवरी-जुलाई माह में परीक्षाएं आयोजित की जाती हैं। छात्रों को पांच वर्ष के अंतराल में परीक्षा उत्तीर्ण करने हेतु अधिकतम नौ अवसर प्रदान किये जाते हैं। छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल की क्रेडिट योजनांतर्गत अन्य मान्यता प्राप्त मण्डलों / अन्य राज्य ओपन स्कूलों के उत्तीर्ण छात्रों को भी परीक्षा उत्तीर्ण करने की सुविधा है। जाहिर है कि इस परीक्षा को कोई भी सीरियसली नहीं लेता। कई राज्यों में तो इन परीक्षाओं को उत्तीर्ण करने वालों को मान्यता तक नहीं है। एक राज्य की ओपन परीक्षा पास करने के बाद छात्र दूसरे राज्यों में शिक्षा सलाहकारों के जरिए कालेजों में दाखिला ले लेते हैं। सरकारी नौकरी और सेना में जाने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए भी ये सर्टिफिकेट कागज का टुकड़ा ही साबित होते हैं। इसलिए जब सक्ती जिले के छापरा से खबर आई कि वहां ओपन स्कूल बोर्ड परीक्षा में थोक में नकल करायी जा रही है तो किसी के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी। सबको पता है कि स्कूल में क्या हो रहा है। परीक्षा लेने के लिए जिम्मेदार शिक्षक और केन्द्र प्रभारी तक इन परीक्षाओं में खुल कर कमाई करते हैं। पैसे दो मोबाइल, किताब, चिट जो मन में आए लेकर परीक्षा कक्ष में जाओ। उन्हें भी पता है कि सबकुछ लेकर परीक्षा में बैठने के बाद भी गिनती के बच्चे ही पास होंगे। शायद इसलिए जब एक वीडियो पत्रकार ने इस अच्छी खासी चल रही व्यवस्था में सेंध लगाने की कोशिश की तो उसकी पिटाई हो गई। किसी को सर्टिफिकेट चाहिए तो किसी को मौके पर चार पैसे कमाने हैं। पर बदनामी किसी को नहीं चाहिए। किसी को क्या हक बनता है कि वह किसी के जमे जमाए कारोबार में उंगली करे। जब ग्रेजुएट की कोई इज्जत नहीं रही तो किसी को मैट्रिक पास होने से रोककर भी क्या ही हासिल होना है। फिलहाल तो एमबीए की डिग्री सभी डिग्रियों की सिरमौर बनी हुई है। डाक्टर, इंजीनियर, सीए सभी एमबीए कर रहे हैं। इस बीच डाक्टर ऑफ मैनेजमेंट की डिग्री के भी विज्ञापन आने लगे हैं। हालांकि, इसे शार्ट में क्या कहेंगे अभी ज्यादा साफ नहीं है पर इसके आवेदकों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है। ये जो ओपन स्कूल के बच्चे हैं वो भी कोई न कोई ऑनलाइन कोर्स कर ली लेंगे। किसी न किसी विश्वविद्यालय से डाक्टरेट भी हो सकते हैं। पर क्या इन बच्चों में वाकई इतना आगे तक पढ़ने की इच्छा है? इसमें वो ही बच्चे ज्यादा हैं जो स्कूल जीवन में खेलकूद या सांस्कृतिक कार्यक्रमों में व्यस्त थे। अब उन्हें नौकरी चाहिए जिसके लिए 10वीं, 12वीं पास होना भी उतना ही जरूरी है।

संपादकीय

जो आगे है अब आगे ही रहेगा..

...एक बार जो रेस में आगे निकल जाता है, वह फिर आगे ही रहता है, क्योंकि जो पीछे हैं उसकी रफ्तार इतनी तेज नहीं होती है कि वह जो आगे है उसकी बराबरी भी कर सके। वह रेस में पिछड़ता ही इसलिए ही कि वह दौड़ना ही देर से शुरू करता है। उसे बराबरी करने की इच्छा होती तो वह दौड़ उसी के साथ शुरू करना जो पहले ने दौड़ना शुरू कर आगे निकल रहा था। लोकसभा चुनाव के तारीखों की घोषणा भले ही शनिवार को हुई हो लेकिन भाजपा ने तो लोकसभा चुनाव की तैयारी महीनों पहले शुरू कर दी थी। इससे एक साल पहले ही हारी हुई सीटों पर जीत के लिए काम करना शुरू कर दिया था। पूरे पांच साल जनता की जरूरी सुविधाओं के लिए सरकार ने काम किया। गरीब लोगों को घर, बिजली, पानी, गैस, इलाज, राशन, शौचालय आदि की व्यवस्था की। निचले स्तर के लोगों तक सुविधा पहुंचाकर करोड़ों लाभार्थी का एक स्थायी वोट बैंक बनाया। अब यही वोट बैंक भाजपा की जीत का आधार बन रहा है। इस आधार तथा विबक्ष के बिखराव के आधार पर भाजपा ने अपनी बड़ी जीत का दावा कर दिया है।

> राहुल गांधी ने 2019 के लोकसभा चुनाव में भी हर गरीब परिवार को साल का 76 हजार रुपए देने की घोषणा की थी लेकिन देश ने उस पर भरोसा नहीं किया। कांग्रेस जिन दो तीन राज्यों में चुनाव जीती वहां किसी तो गरीब परिवार को 76 हजार रुपए दिया ही नहीं गया। किसी एक राज्य में छत्तीसगढ़,राजस्थान में दिया गया होता कम से कम लोग कहते तो राहुल गांधी ने वादा किया था तो उसे कांग्रेस ने केंद्र में पूरा नहीं किया तो क्या हुआ,एक राज्य में तो पूरा किया है।राहुल गांधी की कथनी व करनी में देश की जनता को अंतर दिखता है, इसलिए जनता उन पर भरोसा नहीं करती है।

देश में गूंज रहा है कि अब की बार चार सौ पार। लोकसभा चुनाव के लिए देश में सात चरणों में मतदान 19 अप्रैल से 1 जून तक होगा, देश के 97 करोड़ मतदाता मतदान करेंगे। भाजपा ने अपने आधे प्रत्याशी घोषित कर दिए है जबकि कांग्रेस कई राज्यों में सहयोगी दलों के साथ सीठ शेयरिंग तक नहीं कर सकी है। कांग्रेस के बड़े नेता लोकसभा चुनाव नहीं लड़ना चाहतेहैं, इससे कांग्रेस को प्रत्याशी तलाशने में दिक्कत हो रही है. यूपी जो कभी कांग्रेस का गढ़ माना जाता था आज कांग्रेस वहां से 17 सीटों पर चुनाव लड़ रही है और अमेठी व रायबरेली से कौन चुनाव लड़ेगा यह तय नहीं हो सका है। हैरानी की बात यह भी है कि गांधी परिवार ने अमेठी व रायबरेली को छोड़ दिया है। राहुल गांधी ने वायनाड से चुनाव लड़े का फैसला किया है तो सोनिया गांधी ने रायबरेली से चुनाव नहीं लड़कर राजस्थान से राज्यसभा में चली गई हैं।

राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का समापन हो चुका है। यह यात्रा पहली यात्रा से लंबी जरूर रही लेकिन पहली यात्रा के समान यह सफल नहीं रही। पहली यात्रा में राहुल गांधी जितने सौम्य व शालीन रहे दूसरी यात्रा में वह उतने ही गुस्से में व जनता से नाराज दिखे। माना जा रहा है कि इसी वजह से इस यात्रा सफल नहीं माना जा रहा है। पहली यात्रा में उनकी जो तपस्वी,गंभीर राहुल गांधी की छबि बनी थी, इस यात्रा से वह छबि नष्ट हो गई है। राहुल गांधी को विपक्ष भले अपना नेता न माने लेकिन राहुल गांधी खुद को विपक्ष का नेता मानकर घोषणाएं करते जा रहे हैं।गठबंधन की कोई बैठक नहीं हुई है और राहुल गांधी जनता से वादा क रहे हैं कि गठंबंधन की सरकान बनी तो किसानों का एमएसपी की कानूनी गारंटी दी जाएगी, गरीब परिवार की एक महिला को साल को एक लाक रुपए दिया जाएगा। केंद्र सरकार की नई नौकरी में महिलाओं को पचास प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। जातीय जनगणना, युवाओं को तीस लाख नौकरी आदि की गारंटी दी है। पीएम मोदी की गारंटी व राहुल गांधी की गारंटी में बड़ा फर्क यह है कि पीएम मोदी का गारंटी तो गांव गांव तक पहुंच चुकी है। सबको उसका फायदा मिल चुका है। राहुल गांधी की गारंटी तो अभी पूरी होने में ही शंका है। देश के लोग राहुल गांधी की गारंटी को पूरी न होने वाला गारंटी मान रहे है। क्योंकि राहुल गांधी यह बता नही रहे हैं कि इसके लिए पैसा कहां से आएगा।

पीएम मोदी की कथनी व करनी में जनता को अंतर नहीं दिखता है इसलिए जनता पीएम मोदी पर भरोसा करती है। राहुल गांधी सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार की बात करते हैं लेकिन किसी भाजपा शासित राज्य या केंद्र सरकार का एक भ्रष्टाचार सबूत सहित उजागर नहीं कर सके हैं जबकि भाजपा कांग्रेस शासित राज्यों के भ्रष्टाचार की जांच करा रही है। राहुल गांधी भ्रष्टाचार के विरोधी है तो उनको कांग्रेस शासित राज्यों मे भ्रष्टाचार पर पहले रोक लगानी चाहिए जिस तरह मोदी ने केंद्र व भाजपा शासित राज्यों में भ्रष्टाचार पर रोक लगा रखी है। पीएम मोदी भ्रष्टाचार के विराधी है इसिलए किसा भाजपा शासित राज्य में किसी नेता या मंत्री का हिम्मत नहीं होती कि वह भष्टाचार कर ले। कोई कभी करता है तो उस पर कड़ी कार्रवाई की जाती है। हर क्षेत्र में भाजपा कांग्रेस से आगे है इसलिए वह अब चुनाव भर में आगे ही रहेगी।

कठघरे में है सरकार

अगर लगे आरोपों को साक्ष्यों के जरिए साबित कर दिया जाता है, तो फिर इलेक्ट्रॉल बॉन्ड योजना की छवि आजाद भारत में हुए एक बड़े राजनीतिक घोटाले के रूप में बनेगी। क्या इस प्रकरण की विशेष एवं पूरी जांच जरूरी नहीं है?

इलेक्ट्रॉल बॉन्ड्स के मुद्दे ने भारतीय लोकतंत्र की साख पर ऐसा ग्रहण लगाया है, जिसकी छाया से उबरना आसान नहीं होगा। अब यह बात बेहिचक कही जा सकती है कि चुनावी चंदे की यह योजना शुरुआत से ही बदनीयती से प्रेरित थी। मकसद चुनावी चंदे पर मोटा परदा डालना था। वैसे सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर भारतीय स्टेट बैंक ने जो जानकारियां सौंपी हैं, उससे बात सिर्फ यहीं तक नहीं रह गई है।

बल्कि उससे कई बुनियादी सवाल उठे हैं। जब तक इन प्रश्नों पर स्थिति स्पष्ट नहीं होती, यह धारणा पुख्ता बनी रहेगी कि स्वार्थी और अवांछित ताकतें धन-बल के जरिए सत्ताधारी दलों एवं राजनेताओं को साध कर अपना उल्लू सीधा कर रही हैं। सबसे परेशानी वाली बात यह सामने आई है कि कथित खोखा (शेल) कंपनियां सियासी चंदा दे रही हैं और पार्टियां उन्हें स्वीकार भी कर रही हैं। कई ऐसी कंपनियां बेनकाब हुई हैं, जिन्हें एक वित्त वर्ष में जितना मुनाफा हुआ, उससे छह गुना से भी ज्यादा रकम उन्होंने चंदा दिया।

तो सवाल उठा है क्या सियासी चंदा देने के लिए ही कुछ बड़े कॉरपोरेट घरानों ने ऐसी कंपनियां बनाईं? यह पहलू इसलिए भी महत्त्वपूर्ण है कि इनमें से कई कंपनियों की स्थापना इलेक्ट्रॉल बॉन्ड योजना लागू होने के बाद हुई। एक अन्य मुद्दा चंदे के बदले लाभ पहुंचाए जाने और भयादोहन के बदले चंदा उगाहने के आरोप से संबंधित है। चूंकि स्टेट बैंक ने अभी तक यूनिक कोड उपलब्ध नहीं करवाए हैं, इसलिए ठोस रूप से यह दिखा पाना अभी संभव नहीं है कि किस कंपनी ने कब किस पार्टी को कितना चंदा दिया।

मगर आकलन के आधार पर विशेषज्ञों ने इस तरफ इशारा किया है कि ईडी जैसी केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई के शुरू होने तुरंत बाद कुछ कंपनियों ने इलेक्ट्रॉल बॉन्ड खरीदे। उधर कुछ कंपनियों को इस माध्यम से चंदा देने के कुछ समय बाद परियोजनाओं के बड़े ठेके मिले। अगर यह रिश्ता साक्ष्यों के साथ स्थापित कर दिया जाता है, तो फिर इलेक्ट्रॉल बॉन्ड योजना की छवि आजाद भारत में हुए एक बड़े राजनीतिक घोटाले के रूप में बनेगी। क्या इस प्रकरण की पूरी जांच जरूरी नहीं है?

> रूस के राष्ट्रपति-चुनाव में एक बार फिर व्लादिमीर पुतिन को जीत मिली है। यह अस्वाभाविक भी नहीं है। चुनाव के पहले से कयास यही थे कि उनको कोई खास प्रतिरोध नहीं मिलेगा। वैसा ही हुआ है।

रूस में व्लादिमीर पुतिन की पांचवीं जीत के मायने

शशांक, पूर्व विदेश सचिव

रूस के राष्ट्रपति-चुनाव में एक बार फिर व्लादिमीर पुतिन को जीत मिली है। यह अस्वाभाविक भी नहीं है। चुनाव के पहले से कयास यही थे कि उनको कोई खास प्रतिरोध नहीं मिलेगा। वैसा ही हुआ है। करीब 87 फीसदी मत-प्रतिशत हासिल करके पुतिन अगले छह साल के लिए कफरसे क्रेमलिन में पहुंच गए हैं। दिसंबर, 1999 के बाद से राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री के रूप में रूसी सत्ता के केंद्र में रहने वाले पुतिन इस बार कहीं अधिक मजबूत बनकर उभरे हैं। स्थिति यह है कि यूक्रेनी दावा वाले इलाकों में, जहां पर रूसी आबादी अधिक है, वहां भी चुनाव में उन्हें जीत मिली है।

यह चुनाव बताता है कि यूक्रेन युद्ध पर रूसी मतदाता पुतिन की नीति को सही मान रहे हैं। यह युद्ध चुनाव में एक बड़ा मुद्दा था। यही कारण है कि चुनाव की पूर्व-संध्या पर लोगों को संबोधित करते हुए पुतिन ने यह उम्मीद जताई थी कि लोग उनके द्वारा किए जा रहे प्रयासों को समझेंगे और चुनौतियों से पार पाने के लिए कहीं अधिक एकजुट और आत्मविश्वासी बनकर उनके पक्ष में मत डालेंगे। अब जबकि चुनाव का परिणाम आ गया है, तो हो सकता है कि वह अपने कुछ वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों को बदल दें, ताकि युद्ध को आखिरी चरण में ले जाया जा सके। बेशक, चुनाव जीतने के बाद अपने पहले संबोधन में उन्होंने तीसरे महायुद्ध की आशंका जताई है, लेकिन कम से कम अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव तक वह इस ज्वाला को शायद ही तेज करेंगे। रूस के लिए अमेरिकी चुनाव कितना अहम होता है, इसका एहसास इसी से कर सकते हैं कि पहले के अमेरिकी चुनाव में मास्को के हस्तक्षेप के आरोप उछले थे। हालांकि, इस बार पुतिन ने एक साक्षात्कार में स्पष्ट कहा है कि अमेरिकी चुनाव के नतीजों में उनकी कोई रुचि नहीं। फिर भी, माना यही जाना चाहिए कि अमेरिका की दशा-दिशा देखने के बाद ही रूस अगला कोई बड़ा कदम उठाएगा। हां, इस बीच पुतिन ऐसी नीति जरूर अपना सकते हैं कि यदि यूक्रेन आगे बढ़ता है, तो रूस अधिक आक्रामक होकर जवाब दे सके।

पुतिन की सरपरस्ती में रूस ने खुद को कितना बदला है, इसके लिए मैं आपको पिछली सदी के आखिरी दशक में ले चलता हूं। मैं उन दिनों सेंट पीटर्सबर्ग में था। तब तक यूरोपीय संघ अस्तित्व में आ गया था, और एक तरह से वह खुद को तीसरा ध्रुव बनाने की कोशिशों में जुटा हुआ था। उधर, सोवियत संघ के पतन के बाद रूस दूसरे ध्रुव के रूप में अपनी दावेदारी मजबूत कर रहा था। उसकी मंशा यूरोपीय देशों के साथ संस्थागत रूप से जुड़ने की थी। यह वही दौर था, जब व्लादिमीर पुतिन ने पहली बार रूस की सत्ता संभाली थी। पुतिन की ताजपोशी के बाद रूस की नीति में एक बड़ा बदलाव यह आया कि उसने पूरब और पश्चिम, दोनों को देखना शुरू किया। इसका उसे फायदा भी मिला है। हालांकि, अब उसके लिए बीच का यह रास्ता करीब-करीब बंद हो चुका है। रूस भले आज भी यूरोपीय देशों को गैस बेच रहा है, पर यूक्रेन संकट के कारण उसकी आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित हुई है और पश्चिमी यूरोप की भी उस पर निर्भरता कम हुई है। पुतिन को अपने नए कार्यकाल में इस चुनौती से भी पार पाना होगा।

वैसे, भारत भी रूस के लिए काफी अहमियत रखता है। हमने यह देखा है कि किस तरह से रूस और यूक्रेन के नेताओं से बातचीत करके हमारे प्रधानमंत्री ने शांति बनाने का प्रयास किया था। हालांकि, ईरान, चीन और उत्तर कोरिया से मास्को के रिश्ते बेहतर बन रहे हैं, लेकिन ये ऐसे देश हैं, जो खुद प्रतिबंधित होते रहे हैं। ऐसे में, भारत चाहे तो रूस से अपने आर्थिक संबंध बनाए रखते हुए बुनियादी ढांचे के विकास में उसकी मदद ले सकता है। इसके लिए हमें भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे पर विशेष ध्यान देना चाहिए, जिसके तहत रेलमार्ग, समुद्री मार्ग और सड़क मार्ग, तीनों का विकास करना अनिवार्य है। इजरायल-हमास युद्ध के कारण इसमें कुछ सुस्ती आई है, लेकिन लाल सागर और भूमध्य सागर को जोड़ने वाली स्वेज नहर पर प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण हमें अपने रास्ते तैयार करने ही होंगे। हमें अपने हितों को तवज्जो देते हुए कूटनीतिक पहल करनी होगी।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की जरूरत

जयंतीलाल भंडारी

हाल ही में प्रधानमंत्री द्वारा मंत्रिपरिषद की बैठक की अध्यक्षता करते हुए 'विकसित भारत : 2047' के लिए दृष्टि पत्र और अगले पांच वर्षों के लिए एक विस्तृत कार्ययोजना पर विचार-मंथन किया गया। 'विकसित भारत' के लिए यह 'रोडमैप' दो साल से अधिक की गहन तैयारी का परिणाम है। इस रोडमैप को तैयार करने में देश के विभिन्न मंत्रालयों, राज्य सरकारों, शिक्षाविदों, उद्योग संगठनों, नागरिक समाज, संस्थाओं, वैज्ञानिक संगठनों के साथ व्यापक परामर्श के लिए आयोजित विभिन्न स्तरों पर करीब 2,700 से अधिक बैठकों, कार्यशालाओं और सेमिनारों के साथ युवाओं से प्राप्त सुझावों की अहम भूमिका रही है। विकसित भारत के लिए इस रोडमैप के लक्ष्यों में आर्थिक विकास, सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी), जीवन को आसान बनाना, व्यापार करने में आसानी, बुनियादी ढांचा और सामाजिक कल्याण जैसे क्षेत्र शामिल हैं।

29 फरवरी को राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जारी रिपोर्ट के मुताबिक वित्त वर्ष 2023-24 की अक्तूबर से दिसंबर के तिमाही में देश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 8.4 फीसदी की तेज दर से बढ़ा है। अब एनएसओ ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 के लिए विकास दर का अनुमान बढ़ाकर 7.6 फीसदी कर दिया है।

उल्लेखनीय है कि विगत 10 वर्षों में देश की अर्थव्यवस्था दुनिया की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो गई है। माना जा रहा था कि भारत 2026 में जापान को पीछे कर दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। पिछले दिनों भारतीय अर्थव्यवस्था पर जारी विस्तृत रिपोर्ट 'द इंडियन इकोनॉमी ए रिव्यू' में कहा गया है कि वर्ष 2027 साल में ही भारतीय अर्थव्यवस्था पांच ट्रिलियन डॉलर की हो जाएगी और भारत आर्थिक आकार के लिहाज से अमेरिका व चीन के बाद दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। पिछले एक दशक में साहसिक आर्थिक निर्णयों ने देश की आर्थिक बुनियाद को मजबूत बना दिया है।

भारत के पास आज टिकाऊ विकास के अभूतपूर्व अवसर हैं। तेजी से बढ़ते भारतीय बाजार के कारण दुनिया के अधिकांश देशों की भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) की ललक, प्रवासी भारतीयों द्वारा पिछले वर्ष 2023 में 125 अरब डॉलर से अधिक धन भारत को भेजने के साथ नए आर्थिक तकनीकी विकास के लिए बढ़ते कदम, चीन के प्रति बढ़ती नकारात्मकता के मद्देनजर भारत नए वैश्विक आपूर्तिकर्ता देश के रूप में उभरकर सामने आया है।

दुनिया में मजबूत लोकतंत्र और स्थिर सरकार के रूप में भारत की पहचान, दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी, देश में उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन, बड़े पैमाने पर पूंजीगत खर्च, गैर-जरूरी आयात में कटौती और अर्थव्यवस्था के बाहरी झटकों से उबरने की क्षमता देश के टिकाऊ विकास की बुनियाद बन सकती हैं। शेयर बाजार भी दुनिया में ऊंचाइयों पर रेखांकित होते हुए दिखाई दे रहा है। भारत द्वारा पिछले वर्ष 2023 में की गई जी-20 की सफल अध्यक्षता से भारत के लिए अब नए आर्थिक लाभों की श्रृंखला शुरू हो गई है। इससे भारत से निर्यात, भारत में विदेशी निवेश, भारत में विदेशी पर्यटन और भारत के डिजिटल विकास का नया क्षितिज सामने आ रहा है। ज्ञातव्य है कि वैश्विक स्तर पर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में गिरावट के रुझान के बीच भारत दुनिया के सर्वाधिक एफडीआई प्राप्त करने वाले 20 देशों की सूची में आठवें पायदान पर है। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार भी मार्च, 2024 की शुरुआत में करीब 620 अरब डॉलर की ऊंचाई पर पहुंच गया है।

निस्संदेह, देश को कई आर्थिक चुनौतियों पर भी ध्यान देना होगा। देश के सामने डॉलर की तुलना में रुपये के गिरते हुए मूल्य की चुनौती भी है। भारत को आईएमएफ की उस चेतावनी पर भी ध्यान देना होगा जिसमें कहा गया है कि भारत में केंद्र और राज्यों का सामान्य सरकारी कर्ज जीडीपी के 100 फीसदी के पार पहुंच सकता है। साथ ही भारत के आर्थिक रणनीतिकारों को वैश्विक आर्थिक प्रतिकूल परिस्थितियों के मद्देनजर रक्षात्मक रणनीति बनाने के लिए भी तैयार रहना होगा। कोशिश हो कि हमारे स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय नई पीढ़ी को भविष्य की जरूरतों से सुसज्जित करने के गढ़ बनें। छोटे और मध्यम उद्योगों, कृषि एवं हैंडीक्राफ्ट सेक्टर के लिए मार्केटिंग की नई रणनीति बनाई जाए। इससे रोजगार और निर्यात भी बढ़ेंगे। हम उम्मीद करें कि विकसित भारत के लक्ष्य के साथ आने वाली सरकार आर्थिक और वित्तीय सुधार, कृषि और श्रम सुधार, शिक्षा और स्वास्थ्य की गुणवत्ता के साथ-साथ मजबूत बुनियादी ढांचे की मजबूती पर भी ध्यान दे। ऐसे रणनीतिक कदमों से देश वर्ष 2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और वर्ष 2047 तक दुनिया का विकसित राष्ट्र बनने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ता हुआ दिखाई दे सकेगा।

मंगल के संकेतों में जीवन के सुराग

मुकुल व्यास

पृथ्वीवासियों को नासा के पर्सिवियरेंस रोवर द्वारा मंगल पर एकत्र किए गए नमूनों का इंतजार है क्योंकि इनमें लाल ग्रह पर प्राचीन जीवन के प्रमाण हो सकते हैं। नासा के रोवर ने पाया है कि मंगल ग्रह का जेजेरो क्रेटर किसी समय पानी से भरा हुआ था। इससे यह उम्मीद जगी है कि रोवर ने लाल ग्रह पर जीवाश्म जीवन का सबूत एकत्र कर लिया होगा। यह रोवर पहली बार फरवरी, 2021 में इंज्यूनिटी हेलीकॉप्टर के साथ क्रेटर पर उतरा था। रोवर ने जमीन में प्रविष्ट करने वाले रडार का उपयोग करके यह खोज की है। उसने एक झील से संबंधित तलछट की परतों का खुलासा किया है। यह झील बाद में एक विशाल डेल्टा में तब्दील होकर सूख गई। जब क्रेटर से एकत्र किए गए भूवैज्ञानिक नमूने पृथ्वी पर लौट आएंगे, तब शोधकर्ताओं को इस बात का सबूत मिल सकता है कि लाल ग्रह पर कभी प्राचीन जीवन पनपा था। पर्सिवियरेंस रोवर, पुरानी क्यूरियोसिटी रोवर के साथ, 48 किलोमीटर चौड़े जेजेरो क्रेटर को पार करके मंगल ग्रह की सतह पर प्राचीन जीवन के संकेतों की खोज कर रहा है और पृथ्वी पर वापसी के लिए चट्टान के दर्जनों नमूने एकत्र कर रहा है। तीन वर्षों तक रोवर के साथ इंज्यूनिटी हेलीकॉप्टर भी था जिसने 18 जनवरी को मंगल ग्रह की सतह पर अपनी 72वीं और अंतिम उड़ान भरी। कार के आकार की पर्सिवियरेंस रोवर सात वैज्ञानिक उपकरणों से लैस है, जिनमें से एक मंगल ग्रह की सतह के नीचे प्रयोग के लिए रडार इमेजर (रिमफैक्स) है। यात्रा के दौरान रोवर ने हर 10 सेंटीमीटर जमीन में रडार के जरिये मंगल के क्रेटर की सतह के नीचे 20 मीटर की गहराई से प्रतिबिंबित तरंगों का एक नक्शा बनाया।

अब इस रडार मानचित्र ने तलछट के अस्तित्व का खुलासा किया है। इस अध्ययन के प्रमुख लेखक डेविड पेज ने कहा कि चट्टान के रिकॉर्ड में हम जो बदलाव देखते हैं, वे मंगल ग्रह के वातावरण में बड़े पैमाने पर हुए परिवर्तनों से प्रेरित हैं। अच्छी बात यह है कि हम इतने छोटे भौगोलिक क्षेत्र में परिवर्तन के इतने सारे सबूत देख सकते हैं, जो हमें अपने निष्कर्षों को पूरे क्रेटर के पैमाने तक विस्तारित करने की अनुमति देते हैं। चूंकि पृथ्वी पर जीवन पानी पर अत्यधिक निर्भर है। मंगल ग्रह पर पानी का सबूत इस बात का एक महत्वपूर्ण सुराग हो सकता है कि ग्रह पर कभी जीवन था या आज भी वहां जीवन हो सकता है। लेकिन हमारे दुर्गम पड़ोसी ग्रह पर जीवन के सबूत जुटाना अभी तक बहुत कठिन साबित हुआ है।

पर्सिवियरेंस द्वारा एकत्र कीमती सामान को पृथ्वी पर वापस लाने के लिए पर्सिवियरेंस रोवर यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) के सैंपल रिट्रीवल लैंडर के आगमन का इंतजार करेगी। इस अंतरिक्ष यान को एक छोटे रॉकेट के साथ पैक किया गया है। रोवर रॉकेट को पृथ्वी की ओर वापस दागे जाने से पहले इसमें चट्टान और मिट्टी के नमूनों को लोड करेगा। अंतरिक्ष में लांच किए जाने के बाद नमूने वाले रॉकेट को पृथ्वी पर वापसी की उड़ान के लिए ईएसए के अर्थ-रिटर्न ऑर्बिटर (ईआरओ) द्वारा एकत्र किया जाएगा। नासा ने शुरू में ईआरओ को 2026 में लांच करने की योजना बनाई थी, लेकिन बाद में इस तारीख को 2028 तक खिसका दिया गया, जिसका अर्थ है कि ये नमूने जल्द से जल्द 2033 तक पृथ्वी पर वापस आ पाएंगे।

इस बीच, मंगल ग्रह की भूमध्य रेखा पर मेडुसी फॉसी फॉर्मेशन क्षेत्र के एक नए रडार सर्वेक्षण से पता चला है कि वहां जमीन में दबी हुई जल-बर्फ की विशाल परतें मौजूद हैं जो कई किलोमीटर मोटी हैं। यह मंगल ग्रह के मध्य भाग के आसपास अब तक पाया गया सबसे अधिक पानी है। इससे जाहिर है कि लाल ग्रह पानी से उतना वंचित नहीं है जितना हमने सोचा था। वैज्ञानिकों का कहना है कि वहां उतना ही पानी दबा हुआ है, जितना पृथ्वी के लाल सागर में पाया जा सकता है। यदि इसे सतह पर लाकर पिघलाया जाए, तो यह मंगल को 1.5 से 2.7 मीटर गहरे उथले महासागर में ढक देगा। बर्फ के दबे हुए भंडार के संकेत पहली बार 2007 में 2.5 किलोमीटर की गहराई तक पाए गए थे, लेकिन तब वैज्ञानिकों को यह नहीं पता था कि ये भंडार किस चीज के हैं। नया डेटा मिलने और उस डेटा का विश्लेषण करने के लिए नए उपकरण उपलब्ध होने के बाद इन भंडारों की असलियत का पता चला। स्मिथसोनियन इंस्टिट्यूशन के भूविज्ञानी थॉमस वॉटर्स ने बताया कि हमने मार्स एक्सप्रेस के मार्सिस रडार से नए डेटा का उपयोग करके मेडुसी फॉसी फॉर्मेशन का फिर से सर्वेक्षण किया है। हमने पाया कि बर्फ के भंडार की मोटाई 3.7 किलोमीटर तक है जो हमारे पिछले अनुमान से अधिक है। रोमांचक बात यह है कि रडार सिग्नल उस चीज से मेल खाते हैं जो हम परतदार बर्फ से देखने की उम्मीद करते हैं। ये उन संकेतों के समान हैं जो हम मंगल की ध्रुवीय टोपियों में देखते हैं। हम जानते हैं कि ये टोपियां बर्फ से भरपूर हैं।

पिछले कुछ दशकों में जैसे-जैसे मंगल की खोज बढ़ी है, लाल ग्रह के बारे में हमारी पिछली समझ में भारी परिवर्तन हुआ है। जहां भी हम देखते हैं, मंगल ग्रह पर अतीत में सतह पर नदियों के रूप में पानी बहने, या झीलों या महासागरों में पानी जमा होने के प्रमाण दिखाई देते हैं। मंगल ग्रह पर अब कोई तरल पानी नहीं है। वह सारा पानी कहां गया, यह एक रहस्य बना हुआ है। क्या वह वाष्प के रूप में अंतरिक्ष में गायब हो गया, या क्या वह ग्रह के अंदर ही सिमट कर ऐसी जगह पहुंच गया है जहां हम उसे नहीं देख सकते? मेडुसी फॉसी फॉर्मेशन में इस प्रश्न के कुछ उत्तर हो सकते हैं। वैज्ञानिक एक अन्य व्यावहारिक कारण से यह जानना चाहते हैं कि मंगल ग्रह पर पानी कहां मिलेगा। जब मनुष्यों को लाल ग्रह पर भेजा जाएगा, तो उन्हें जीवित रहने के लिए पानी की आवश्यकता होगी। यदि वहां पहले से ही पानी है, तो इससे उन्हें अपने साथ पानी ले जाने की आवश्यकता कम हो जाएगी। दुर्भाग्य से, मेडुसी फॉसी फॉर्मेशन का पानी पहुंच से बाहर है। यह हमारी पहुंच की क्षमता से परे, मंगल ग्रह की धूल भरी सतह से सैकड़ों मीटर नीचे दबा हुआ है। फिर भी, यह खोज आशा जगाती है कि मंगल ग्रह पर कहीं और पानी छिपा हुआ है। यह खोज वैज्ञानिकों को मंगल के रहस्यमय इतिहास को उजागर करने में मदद करेगी।

इलेक्ट्रिक कार बाजार में नई रफ्तार की कवायद

इलेक्ट्रिक कारों के निर्माण को बढ़ावा देने की नीति की तरह इन कारों के खरीदारों के लिए प्रोत्साहन नीति की भी दरकार है। कर में छूट, सब्सिडी व कम पंजीकरण शुल्क जैसी रियायतों से यह संभव है।

इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के लिए सरकार की नई नीति के ऐलान से भारत में नई परिवहन क्रांति की संभावनाएं बढ़ गई हैं। नए नियम-शर्तों और रियायतों से ईवी मैन्युफैक्चरिंग की सबसे बड़ी अमरीकी कंपनी टेस्ला और वियतनाम की विनफास्ट समेत दूसरी विदेशी कंपनियों के भारत आने के रास्ते खुल गए हैं। टेस्ला काफी समय से भारत में इलेक्ट्रिक कारों के निर्माण में निवेश के लिए तैयार है, लेकिन उसकी शर्त थी कि पहले उसे भारत में अपनी कारें बेचने की इजाजत दी जाए। सरकार साफकर चुकी थी कि टेस्ला को अलग से कोई सुविधा नहीं दी जाएगी। नई नीति सभी विदेशी कंपनियों के लिए है। इसमें घरेलू कंपनियों का भी ध्यान रखा गया है।

दरअसल, सरकार इलेक्ट्रिक कारों के निर्माण को बढ़ावा देकर भारत को इनका मैन्युफैक्चरिंग हब बनाना चाहती है। दुनिया के ज्यादातर देश ग्लोबल वार्मिंग से निपटने के लिए कार्बन उत्सर्जन घटाने के उपायों में जुटे हैं। इसके लिए इलेक्ट्रिक वाहनों को लोगों की पहुंच में लाने की कोशिश की जा रही है। भारत सरकार की नई ईवी नीति भी इसी कोशिश का हिस्सा है। भारत दुनिया का चौथा सबसे बड़ा ऑटोमोबाइल बाजार है। पेट्रोल-डीजल के साथ यहां इलेक्ट्रिक कारों का बाजार भी तेजी से फल-फूल रहा है। देश में 2021-22 में 21,163 इलेक्ट्रिक कारें बिकी थीं, जबकि 2022-23 में 154 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ यह संख्या 53,843 हो गई। विदेशी कंपनियां आने के बाद न सिर्फ इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री का ग्राफ ऊपर जाएगा, भारत तीसरा सबसे बड़ा ऑटोमोबाइल बाजार बनेगा ऐसा अनुमान भी जताया जा रहा है। देश की सड़कों पर इलेक्ट्रिक कारें बढने से एक बड़ा फायदा यह भी होगा कि लगातार बढ़ते तेल आयात पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी।

इलेक्ट्रिक कारों के निर्माण को बढ़ावा देने की नीति की तरह इन कारों के खरीदारों के लिए प्रोत्साहन नीति की भी दरकार है। कर में छूट, सब्सिडी व कम पंजीकरण शुल्क जैसी रियायतों से यह संभव है। उन चुनौतियों से निपटना भी जरूरी है, जिनका स्वदेशी इलेक्ट्रिक कार बाजार सामना कर रहा है। इनमें से एक है - लीथियम-आयन बैटरी, जिनके लिए हम चीन व दक्षिण कोरिया पर निर्भर हैं। ये काफी महंगी हैं, जिससे कारों की लागत बढ़ जाती है। देश में ही इन्हें बनाने की संभावनाएं तलाशने के साथ चार्जिंग स्टेशन बढ़ाने पर भी ध्यान देने की जरूरत है। चीन में इलेक्ट्रिक कारों के करीब 18 लाख चार्जिंग स्टेशनों के मुकाबले भारत में अभी 12,146 सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन हैं। ये सर्वाधिक 3,079 महाराष्ट्र में हैं, जबकि क्षेत्रफल के हिसाब से सबसे बड़े राज्य राजस्थान में 500 और सर्वाधिक आबादी वाले उत्तर प्रदेश में 582 स्टेशन ही हैं।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z
CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

प्रिंट और डीजिटल मीडिया में
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए
संपर्क करें
Mob.-:
9303289950
7987166110

श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM

खास खबर

उल्लास नवभारत साक्षरता के अंतर्गत पढ़ाई छोड़ चुके जिले के 2182 लोगों ने दी परीक्षा

गरियाबंद। उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को देशव्यापी बुनियादी साक्षरता व संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा में 15 वर्ष से अधिक आयु समूह के 2182 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए।कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देश एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी रीता यादव के मार्गदर्शन में इस परीक्षा का सफल आयोजन किया गया। जिले के गरियाबंद,छुरा, मैनपुर व फिंगेश्वर विकासखण्ड के विभिन्न ग्राम पंचायत,वार्ड के निकटतम कुल 136 शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं में परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे।परीक्षा का समय प्रात:10 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित था।जिसमें पढ़ना,लिखना एवं संख्यात्मक ज्ञान से संबंधित दक्षता हेतु प्रश्नों के उत्तर के लिये प्रत्येक शिक्षार्थी को कुल 3 घण्टे का समय दिया गया था।

सी-विजिल एप्प में वास्तविक लोकेशन की जानकारी जरूर दें शिकायतकर्ता

सारंगढ़ । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश साहू के निर्देश पर निर्वाचन संबंधित सूचनाओं तथा अन्य जानकारी के लिए रिटर्निंग ऑफिसर सारंगढ़ बिलाईगढ़ में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। वोटर हेल्पलाइन 1950 और कंट्रोल रूम दूरभाष नंबर 07768-299509 और सी-विजिल एप्प पर निर्वाचन संबंधित शिकायत, जानकारी के लिए संपर्क किया जा सकता है। सूचना मिलने पर संबंधित टीमों द्वारा त्वरित निवारण किया जायेगा। सी-विजिल एप्प के नियंत्रण अधिकारी ने शिकायतकर्ताओं को कहा कि कोई भी शिकायत के लिए उस घटना के घटित होने के स्थान को, लोकेशन कॉलम में भरकर जरूर दें ताकि जांच टीम वास्तविक स्थान पर जाकर उस शिकायत का जांच करें। यहां ध्यान रखने वाली बात यह है कि वास्तविक स्थान और मोबाइल के माध्यम से सी-विजिल एप्प में अपलोड दोनों स्थान आसपास ही होनी चाहिए।

कलेक्टर ने सुदूर वनांचल के कुमुड़कट्टा के ग्रामीणों से शत प्रतिशत मतदान करने की अपील

बालोद। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक सूरजनराम भगत ने आज मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत जिले के डौण्डी विकासखण्ड के सुदूर वनांचल के ग्राम कुमुड़कट्टा में पहुँचकर ग्रामीणों को आगामी लोकसभा आम निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की। इस दौरान कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में मताधिकार के महत्व की जानकारी देते हुए ग्रामीणों को सभी प्रकार के निर्वाचनों में अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। इस दौरान उन्होंने बुजुर्ग मतदाताओं को शॉल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया एवं मतदाता एवं ग्रामीणों को आगामी लोकसभा आम निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सूरजनराम भगत ने लोकतंत्र में मताधिकार के महत्व की जानकारी देते हुए सभी मतदाताओं को निर्वाचन के दौरान अनिवार्य रूप से मतदान करने की अपील की।

भूपेश पर एफआईआर साजिश नहीं महादेव का प्रकोप : बृजमोहन अग्रवाल

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। महादेव एप मामले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर एफआईआर दर्ज होने के बाद उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसे भाजपा की साजिश बताया था। सोमवार को मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने भूपेश बघेल के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि महादेव का प्रकोप कांग्रेस पार्टी और पूर्व मुख्यमंत्री पर दिखाई देने लगा है।

उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री चोरी ऊपर से सीना जोरी कर रहे हैं। वे पहले रायपुर से भाग कर राजनादगांव गए और फिर सीना जोरी करने के लिए वापस रायपुर आए। भूपेश बघेल को इतना डर क्यों सता रहा है? महादेव सट्टा एप पर पहली FIR तो उन्होंने ही कराई थी।

लेकिन अब अपने ही बुने हुए जाल में खुद फंस गए है। जितने अफसरों पर FIR हुई उनके भूपेश से क्या संबंध हैं? उन्होंने आगे कहा कि, शराब, कोयला और गौठान कई घोटाले हैं। अभी एक घोटाले की FIR में नाम आने पर घबरा गए। अभी तो और भी कई घोटाले सामने आयेंगे। भूपेश बघेल असीम दास के बयान को सही मानते हैं क्या? महादेव एप में शुभम सोनी का वीडियो आया था उस पर भूपेश बघेल क्यों कुछ नहीं बोलते हैं? इन्होने छत्तीसगढ़ के 10 लाख युवाओं को बर्बाद करके उनके हक़ का पैसा खाने का काम किया है और क्या इनको न्यायपालिका पर विश्वास नहीं है?

बीजेपी साजिश नहीं, मोदी की गारंटी कर रही पूरी

मंत्री अग्रवाल ने आगे कहा कि, बीजेपी को इस तरह के कामों के लिए फुर्सत नहीं है। हम पीएम मोदी की गारंटी को पूरा करने में लगे हैं और जांच एजेंसी अपना काम कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि, उसमें भूपेश बघेल को सहयोग करना चाहिए न कि धमकी देना चाहिए। कांग्रेस ने विकास विरोधी काम किया है और अब डर पैदा हो गया है इसलिए जनता ने नकार दिया है। अब कानून अपना काम करेगा। जनता से आव्हान है कि, महादेव, गौठान, शराब घोटाले के आरोपियों को नकारे और छत्तीसगढ़ में मोदी की गारंटी को पूरा करने वाले को स्वीकार करें। महादेव एप पर राज्य और केंद्र सरकार कार्यवाही कर रही है और महादेव एप को बंद करना जरूरी नहीं है। लेकिन उसमें जो गलत काम कर रहा है, उस पर कार्यवाही होनी चाहिए।

सेक्टर अधिकारियों का द्वितीय प्रशिक्षण हुआ संपन्न

श्रीकंचनपथ न्यूज

सूरजपुर। आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के सफल संचालन हेतु जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रोहित व्यास के निर्देशन में एवं प्रशिक्षण नोडल अधिकारी श्रीमती कमलेश नंदनी साहू मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तथा अपर कलेक्टर नयनतारा सिंह तोमर के मार्गदर्शन में सेक्टर अधिकारियों का द्वितीय प्रशिक्षण जिला पंचायत सूरजपुर के सभाकक्ष में दिया गया।

जिसमें जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर पी.सी. सोनी प्राचार्य द्वारा पी0पी0टी0 के माध्यम से सेक्टर अधिकारी के कार्य एवं दायित्व, मतदान केन्द्रों के पहुंच मार्ग का भौतिक सत्यापन करना, मतदान केन्द्रों में सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं सुनिश्चित करना, वल्नरेबल मेपिंग एवं उसका चिन्हांकन, कृटिकल मतदान केन्द्र के 7 पैरामीटर, ईव्हीएम एवं व्ही व्ही पैट की क्रियाविधि तथा उसमें होने वाली त्रुटियां और उसका निराकरण, मॉकपोल के दौरान एवं वास्तविक मतदान के दौरान ईव्हीएम एवं व्ही व्ही पैट के रिप्लेसमेंट संबंधी प्रोटोकॉल, मतदान की प्रक्रिया, मतपत्र लेखा प्रारूप 17 ब् एवं पीठासीन अधिकारी की डायरी का भरना, मतदान सामग्री वितरण दिनांक को सेक्टर अधिकारी के कार्य और मतदान दिवस के दिन सेक्टर अधिकारियों के कार्य तथा उनके द्वारा जमा किये जाने वाले प्रपत्रों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि सेक्टर वे भौगौलिक क्षेत्र है जिसके अंतर्गत लगभग 10-12 मतदान केन्द्र होते हैं।

चुनाव प्रबंधन को सशक्त बनाने के लिए सेक्टर का निर्माण किया जाता है जिसका प्रभारी सेक्टर होता है। निर्वाचन प्रबंधन में यह अधिकारी महत्वपूर्ण एवं जिम्मेदार अधिकारी होता है जो अपने सेक्टर के अंतर्गत आने वाले समस्त मतदान केन्द्रों में आवश्यक सुविधाएं एवं चुनावी प्रबंधन के लिए जिम्मेदार होते है। प्रत्येक मतदान केन्द्र में सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं भवन की अच्छी स्थिति, पर्याप्त फर्नीचर, बिजली, पेयजल, शौचालय, छाया, रैम्प आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करना होता है। यदि उनके क्षेत्र में कोई वल्नरेबल पारा मोहल्ला है जहां मतदाताओं के समुह को डरा धमका कर स्वतंत्र मतदान करने से रोका जाता है, इसकी जानकारी निर्धारित प्रपत्र में जिला निर्वाचन कार्यालय को जमा करने के लिए सेक्टर अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

उन्हें यह भी कहा गया की मतदान केंन्द्रों तक पहुंच मार्ग में यदि किसी मरम्मत की आवश्यकता हो तो इसकी जानकारी निर्धारित प्रपत्र में जिला निर्वाचन कार्यालय को दे। पहुंच मार्ग हेतु तैयार अग्रिम रूट चार्ट का भौतिक सत्यापन करें। यदि कोई मतदान केन्द्र नेटवर्क विहीन है तो इसकी जानकारी जिला कार्यालय को दे। सेक्टर अधिकारियों को मतदान दलों द्वारा सामग्री संग्रहण केन्द्र पर जमा किये जाने वाले 06 मास्टर लिफाफे के के बारे में भी जानकारी दी गई।

संकल्प शिक्षण संस्थान में 21 से कराया जाएगा नि:शुल्क जेईई क्रैश कोर्स

श्रीकंचनपथ न्यूज

जशपुरनगर। कलेक्टर मित्तल के मार्गदर्शन में खनिज निधि न्यास से संचालित संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर में 21 मार्च से दस दिवसीय नि:शुल्क जेईई क्रैश कोर्स का आयोजन कराया जा रहा है। जिसमें जिले के स्थानीय निवासी विद्यार्थियों को नि:शुल्क आवास एवं भोजन की व्यवस्था दी जाएगी।

उल्लेखनीय है कि आगामी जेईई मेन की परीक्षा 01 अप्रैल से 15 अप्रैल 2024 के मध्य नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के द्वारा ली जाएगी। संकल्प जशपुर के प्राचार्य विनोद कुमार गुप्ता से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस दस दिवसीय क्रैश कोर्स के लिए सभी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों एवं हायर सेकेण्डरी विद्यालयों के प्राचार्यों को इस संबंध में पत्र प्रेषित कर दिया गया है।

जिले के अंतर्गत संचालित विभिन्न शासकीय, अशासकीय और अनुदान प्राप्त हायर सेकेण्डरी विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों जिन्होंने जेईई मेन 2023-24 का फार्म भरा है, ऐसे 100 विद्यार्थियों को यह क्रैश कोर्स कराया जाएगा। इन विद्यार्थियों को 21 मार्च को सुबह 10.00 बजे संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर में अपनी उपस्थिति देनी होगी।

सभी नोडल अधिकारी सौंपे गए दायित्वों का गंभीरता से करें निर्वहन - कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

सुकमा। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी हरिस. एस ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के निर्वाचन कार्य के सुचारू संपादन हेतु नोडल अधिकारियों अधिकारियों की सोमवार को बैठक ली। कलेक्टर हरिस. एस ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन के लिए सभी नोडल अधिकारी सौंपे गए दायित्वों को गंभीरतापूर्वक करेंगे।

लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत नाम निर्देशन, मतदाता सूची, मानवीय संसाधन की व्यवस्था पोस्टल बैलेट जैसे सभी महत्वपूर्ण कार्य समय पर हो जाना चाहिए। उन्होंने निर्वाचन के दौरान गर्भवती महिलाओं, दिव्यांग कर्मचारियों की ड्यूटी नहीं लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि निर्वाचन के दौरान कोई भी अधिकारी-कर्मचारी अनावश्यक अवकाश नहीं लेंगे। निर्वाचन के महत्वपूर्ण कार्य सजगता एवं सक्रियतापूर्वक करेंगे। उन्होंने सभी अधिकारियों को शासकीय कार्यालय में शासकीय कैलेण्डर, ऑफिसियल वेबसाईट से जनप्रतिनधियों के फोटोग्राफ्स हटाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि आदर्श आचार संहिता के दौरान सभी अधिकारी समन्वित तरीके से कार्य करेंगे। स्थैतिक निगरानी दल, उडनदस्ता दल, वीडियो निगरानी दल, वीडियो अवलोकन टीम के दल के कार्यों की लगातार मानिटरिंग करें।

उन्होंने निर्वाचन सामग्री वितरण एवं मतदान दलों की रवानगी एवं अन्य महत्वपूर्ण कार्य के संबंध में चर्चा की। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता के लिए प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के साथ ही संवदेनशील एवं अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रों का चिन्हांकन तथा सुरक्षाकर्मियों की नियुक्ति आवश्यक है। इसके साथ ही उन्होंने वाहन की व्यवस्था ईटीपीबीएस संबंधित कार्य, वेबकास्टिंग, प्रशिक्षण, ईवीएम-वीवीपेट की उपलब्धता, सी-विजिल, मतदान सामग्री वितरण एवं मतदान दलों की वापसी, निर्वाचन के दौरान कंट्रोल रूम, चिकित्सकीय दल, मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण, पेड न्यूज, मीडिया सेल के संबंध में जानकारी ली।

उन्होंने मतदान दलों के लिए रूट चार्ट तैयार करने के निर्देश दिए, मतदान दलों को सामग्री वितरण एवं मतदान दलों की वापसी एवं नाश्ता व भोजन के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन के दौरान डीजे प्रतिबंधित रहेगा। राजनीतिक दलों को प्रचार-प्रसार करने के लिए ध्वनि विस्तारक यंत्र, रैली, आमसभा को अनुमति एक महत्वपूर्ण कार्य होगा, इसे समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

अनुभव की पाठशाला : प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को कलेक्टर, एसपी और सीईओ ने दिये टिप्स

श्रीकंचनपथ न्यूज

दंतेवाड़ा। नवीन ग्रंथालय में आज दंतेवाड़ा धाम प्रबंधन सोसाइटी एवं बचपन बनाओं स्वयं सेवी संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित ''अनुभव की पाठशाला'' कार्यशाला में कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, पुलिस अधीक्षक गौरव राय एवं जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं से रूबरू हुए और उनके द्वारा परीक्षाओं की पुर्व तैयारियां, कोचिंग की आवश्यकता, महाविद्यालय एवं प्रतियोगी परीक्षा में अंतर, पठन सामग्री की गुणवत्ता, पढ़ने तरीके जैसे विषय वस्तुओं पर युवाओं से सीधे चर्चा किया।

सर्वप्रथम इस संबंध में कलेक्टर ने अपने पढ़ाई के अनुभवों को बेबाकी से साझा करते हुऐ कहा कि सही रणनीति, निश्चित लक्ष्य एवं समय बद्ध तैयारी से किसी भी प्रकार की परीक्षा में सफलता हासिल किया जा सकता है। यह महज धारणा है कि बड़े-बड़े शहरों के कोचिंग संस्थानों से पढ़ाई करके सफलता मिल सकती है। अब तो दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों के रहने वाले छात्र भी ''यूपीएससी'' जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं में सफल हो रहे है। हर किसी के लिए परीक्षाओं की तैयारियां एक समान नहीं रहती केवल संकल्प एवं दृढ़ इच्छाशक्ति और जुनुन से हर कोई सफल हो सकता है। अत: गलतियों से सीखें और उसमें सुधार करें। इसके अलावा अधिक भ्रमित होने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने छात्रों को सलाह दिया कि वे सर्वप्रथम संबंधित विषय के पाठ्यक्रम एवं पढ़ाई के आधारभूत विषय वस्तु पर ध्यान केन्द्रित करें। क्योंकि इन परीक्षाओं में हमें विशेषज्ञ या ज्ञाता बनना नहीं बल्कि रैंक लाना होता है। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक ने भी छात्रों प्रेरित करते हुए कहा कि परीक्षाओं की तैयारियों में लगे छात्रों छोटे-छोटे नोट्स अवश्य बनाये इससे रिविजन आसानी होती है। किसी भी टॉपिक को निश्चित अंतराल के बाद दोहराया जाए तो टॉपिक जल्दी याद होते है इसके अलावा मुख्य परीक्षा से पहले आपस में ग्रुप बना कर छोटे-छोटे मॉक टेस्ट अवश्य देते रहें। इससे भी तैयारियां बेहतर होती है। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि अब तो प्रतियोगी छात्र इंटरनेट माध्यम से तमाम तरह की अद्यतन जानकारी से अपडेट हो सकते है इसके अलावा रोजाना अखबार पढ़ने की आदत डालें। क्योंकि पढ़ाई की तैयारी के कई माध्यम है और यह हमारे ऊपर निर्भर है और कि हम कौन से माध्यम का चयन करते है।

उक्त कार्यशाला में युवाओं ने भी अधिकारियों से उनकी परीक्षा तैयारियों के बारे में जानना चाहा इस संबंध में अधिकारियों ने भी विस्तार से बताया। उल्लेखनीय है कि उचित समय अंतराल पर ''अनुभव की पाठशाला'' कार्यक्रम की अनेक कड़ियां आयोजित की जायेगी। जिसमें भारतीय प्रशासनिक सेवा एवं राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारीगण अपने अनुभव युवाओं के साथ साझा करते हुए। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों से अवगत करायेगे।

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65

Premier sales 8959493000
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

खास खबर...

राज्य सूचना आयोग ने की दो आयुक्त की नियुक्ति

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग में 2 आयुक्तों को नियुक्ति की गई है। इस नियुक्ति के साथ प्रदेश सूचना आयोग में 4 आयुक्त हो गए हैं। सामान्य प्रशासन विभाग से जारी आदेश के अनुसार सेवानिवृत्त आईएएस नरेंद्र कुमार शुक्ला और रायपुर के आलोक चंद्रवंशी को आयोग में आयुक्त के पद पर नियुक्ति की गई है, शुक्ला मई 2020 में सेवानिवत्त हुए थे।

वनवासी विकास समिति का पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

रायपुर। शहर के विभिन्न महाविद्यालयों में फरवरी माह में आयोजित जनजाति नायकों की गौरव गाथा पर आधारित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता दो चरणों में आयोजित की गई थी, कैबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन केदार कश्यप के द्वारा इस प्रतियोगिता के विजयी प्रत्याशियों को पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं भारत माता के पूजन से शुरू हुआ। प्रथम पुरस्कार लैपटॉप मोना साहू, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, द्वितीय पुरस्कार देव चरण नागेश ,विज्ञान महाविद्यालय एवं तृतीय पुरस्कार मानस रंजन हायबूरु एन आई टी ने जीता।

सभी अतिथियों के औपचारिक स्वागत पश्चात, कार्यक्रम का संचालन करते हुए, रूपरेखा एवं प्रस्तावना पर रायपुर महानगर सचिव राजीव शर्मा ने अपने विचार रखें। विशिष्ट अतिथि डायरेक्टर आईआईटी भिलाई राजीव प्रकाश ने बताया की आईआईटी भिलाई द्वारा जनजातियों के विभिन्न पहलुओं को लेकर लगभग 50 प्रोजेक्ट संचालित किया जा रहे हैं आदिवासियों का गौरव स्वतंत्रता संग्राम के पूर्व से ही रहा है। कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप ने अपने उद्बोधन में कहा की जनजातीय के रहन-सहन उनकी सभ्यता और संस्कृति के बारे में इतिहास में कोई विशेष उल्लेख नहीं है यह जानने के लिए यदि हम जनजाति क्षेत्र में जाकर देखें तो वास्तविक जानकारी हासिल की जा सकती है।

पूर्व आईएएस नीलकंठ टेकाम ने कहा कि जनजातीय समूह सामान्य सरल, सहज और स्वभाव का होता है, पूर्व में विभिन्न संप्रदाय के लोगों ने इसका फायदा उठाकर अपने सभ्यता की ओर खींचने का भरपूर प्रयास किया। अब प्रदेश एवं केंद्र सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार के नियम, सहायता देकर उनको जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश एवं भारतवर्ष के प्रमुख जनजाति नायकों की बारे में प्रदर्शनी लगाई गई। ग्रेसियस कॉलेज अभनपुर एवं शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई।

राज्यपाल ने रेडक्रॉस द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र दिए

सच्चा मानव सेवा ही माधव सेवा है : राज्यपाल हरिचंदन

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने सोमवार को राजभवन में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, छत्तीसगढ़ शाखा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों के 29 एमबीबीएस चिकित्सकों को ले-लेक्चरर प्रशिक्षण पूर्ण करने के पश्चात् प्रमाण पत्र प्रदान किए। राज्य शाखा द्वारा पहली बार राज्य के चिकित्सकों के लिए ले-लेक्चरर प्रशिक्षण आयोजित किया गया था। जिसमे उन्हें प्राथमिक उपचार एवं आपातकालीन उपचार का प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण 11 से 17 मार्च तक आयोजित किया गया।

राज्यपाल हरिचंदन ने इस अवसर पर कहा कि मानव सेवा ही माधव सेवा है, इस उद्देश्य को लेकर चिकित्सक कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि समाज में चिकित्सकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। कोविड-19 महामारी के दौरान चिकित्सकों नर्स, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं सभी ने फ्रंट लाइन वारियर्स बनकर सेवा की। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस द्वारा युद्ध, प्राकृतिक आपदा एवं संकट के अवसरों पर तत्काल सेवाएं प्रदान की जाती है जो कि सराहनीय है। उन्होंने चिकित्सकों का आव्हान किया कि वंचित वर्गो की सहायता के लिए हमेशा तत्पर रहें और समाज एवं राष्ट्र की सेवा करें। प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले सभी चिकित्सकों को राज्यपाल ने शुभकामनाएं दी एवं उनका उत्साहवर्धन किया।

रेडक्रॉस सोसायटी छत्तीसगढ़ के सीईओ एम के राउत ने कहा कि प्रदेश में पहली बार एमबीबीएस चिकित्सकों को प्राथमिक उपचार के लिए ले-लेक्चरर का प्रशिक्षण दिया गया। ये चिकित्सक, जिलो में जाकर जूनियर रेडक्रॉस और यूथ रेडक्रॉस के स्वयं सेवकों को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस की यह योजना है कि सभी पंचायतों में कुछ व्यक्तियों को प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण दिया जाए। राउत ने बताया कि सभी प्रशिक्षार्थियों ने लगन से प्रशिक्षण लिया है। भविष्य में इन्हें मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित किया जायेगा। कार्यक्रम में रेडक्रॉस के चेयरमेन अशोक अग्रवाल ने स्वागत उद्बोधन दिया। आभार प्रदर्शन सचिव रेडक्रॉस डॉ. रूपल पुरोहित ने किया। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव यशवंत कुमार, विधिक सलाहकार राजेश श्रीवास्तव, मास्टर ट्रेनर नरेश गोविल, यशवंत चंद्राकर सहित सभी प्रशिक्षार्थी चिकित्सक उपस्थित थे।

भारतीय सेना में भर्ती के लिए अंतिम तिथि 22 तक

रायपुर। सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर ने बताया कि भारतीय सेना में भर्ती के लिए इंडियन आर्मी की वेबसाइट- पर ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया जारी है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 22 मार्च तक है। छत्तीसगढ़ से अब तक 15000 युवाओं ने अपना पंजीकरण करा लिया है । यह सेना में भर्ती के लिए उनके उत्साह को दर्शाता है। किसी भी प्रकार के स्पष्टीकरण अथवा सहायता के लिए शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम नया रायपुर के पास स्थित सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर के दूरभाष संख्या 0771-2965212, 0771-2965213, पर संपर्क किया जा सकता है।

कलेक्टर ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

■ निर्वाचन कार्य ड्यूटी पर लगे अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए उपयुक्त सुविधा का रखे ध्यानः डॉ. गौरव सिंह

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने सेजबहार स्थित शासकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय सेजबहार रायपुर और बीटीआई मैदान शंकर नगर स्थित शासकीय स्कूल में लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए बनाए गए स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए।

कलेक्टर ने चुनाव सामग्री के वितरण के लिए बनाई गई व्यवस्था का अवलोकन किया। कलेक्टर ने कहा कि पोस्टल बैलेट के संबंध में सारी व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाए। जिन अधिकारियों कर्मचारियों को डाक मतपत्र दिया जाना है, उनकी अंतिम सूची बना ली जाए और समय सीमा के भीतर वितरण किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि सेकंड रेंडमाइजेशन, कमिसनिंग, डाक मतपत्रों के वितरण और वोटर स्लीप के संबंध में टाइम टेबल बना कर व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। डॉ सिंह ने कहा कि जहां मतगणना होनी है वहीं पर ईवीएम की कमिशनिंग भी की जानी है। इस संबंध में उपयुक्त इंतजाम किए जाएं। पुलिस विभाग सुरक्षा के साथ-साथ सेजबहार के रास्ते यातायात व्यवस्था सुव्यवस्थित करें। यथास्थान सीसीटीव्ही भी लगाएं। जिन अधिकारियों कर्मचारियों को डाक मतपत्र दिया जाना है, उनकी अंतिम सूची बना ली जाए और समय सीमा के भीतर वितरण किया जाए। उनके लिए शुद्ध पेयजल एवं महिला पुरुष के लिए पृथक पृथक शौचालय व्यवस्था सुनिश्चित कर लिया जाए। कलेक्टर ने कहा कि यह ध्यान रखें कि ड्यूटी में आए कर्मचारियों को यथासंभव सुविधा मिले एवं कोई तकलीफना हो। पोस्टल बैलेट के संबंध में सारी व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाए। एसपी श्री संतोष सिंह ने कहा कि स्ट्रांग रूम में तीन स्तर की बेरिकेडिग की जानी है यह अच्छी तरीके से की जाए ताकि निर्वाचन कार्य सुचारु सरूप से सम्पन्न हो। उन्होंने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने को कहा। साथ ही सामाग्री वितरण सहित अन्य निर्वाचन कार्य के समय स्ट्रांग रूम के आसपास के मार्गों में यातायात सुव्यवस्थित करने के निर्देश दिए।

उल्लेखनीय है कि बलौदाबाज़ार विधानसभा के लिए सामग्री वितरण केंद्र सत्यनारायण अग्रवाल शासकीय महाविद्यालय तिल्दा और धरसींवा विधानसभा क्रमांक 47, रायपुर नगर पश्चिम विधानसभा क्रमांक 49, रायपुर उत्तर विधानसभा क्रमांक 50 को सामग्री वितरण बीटीआई शंकर नगर से किया जायेगा। साथ ही रायपुर नगर दक्षिण विधानसभा क्रमांक 51, आरंग विधानसभा क्रमांक 52 और अभनपुर विधानसभा क्रमांक 53 के लिए सामग्री वितरण केंद्र शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय सेजबहार होगा। सामग्री वापसी केंद्र बलौदाबाजार विधानसभा के लिए कृषि उपज मंडी बलौदाबाज़ार और अन्य सभी विधानसभा क्रमांक 47,48,49, 50,51,52,53 के लिए शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय सेजबहार होगा। विधानसभा केंद्र बलौदबाजार के किए स्ट्रॉंग रूम कृषि उपज मंडी बलौदबाजार तथा अन्य विधानसभा क्रमांक 47,48,49, 50,51,52,53 के लिए शासकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय, सेजबहार रायपुर होगा। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

होली से पहले तेल की कीमतों में वृद्धि

रायपुर। लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर सुरक्षा की तगड़ी व्यवस्था की जाएगी। प्रदेश में 36,000 सुरक्षा कर्मियों की तैनाती होगी। इसके लिए प्रदेश में 360 कंपनियों के सुरक्षाकर्मी तैनात किए जाएंगे। इनमें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआइएसएफ), भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आइटीबीपी), सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) शामिल हैं।

डीजीपी अशोक जुनेजा ने पुलिस मुख्यालय में पड़ोसी राज्यों के डीजीपी व अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग से अंतरराज्यीय समन्वय समिति की बैठक की। बैठक में यह तय हुआ कि सभी पड़ोसी राज्य मिलकर अपनी सीमा पर चौकसी करेंगे और आपस में खुफिया सूचनाओं का अदान-प्रदान करेंगे। नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने तथा अपराधियों व नक्सलियों की नकेल कसने के लिए भी सभी पड़ोसी राज्य मिलकर अभियान चलाएंगे। बैठक में प्रदेश के डीजीपी अशोक जुनेजा समेत सरगुजा क्षेत्र के आइजी अंकित गर्ग व अन्य पुलिस पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती क्षेत्र में क्रियाशील नक्सलियों की गतिविधियों, अवैध हथियार, नशीले पदार्थ, अवैध शराब की तस्करी के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई के लिए समय पर खुफिया सूचना का अदान-प्रदान होगा। बैठक में सीमावर्ती राज्यों में सक्रिय नक्सली दस्तों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियानों में समन्वय स्थापित कर और सक्रिय अभियान चलाने पर जोर दिया। बैठक में सीमावर्ती क्षेत्रों में चेक पोस्ट अथवा नाका सक्रिय करने पर प्रभावी रणनीति बनाई गई।

पीएम, गृह मंत्री व रक्षा मंत्री आएंगे छत्तीसगढ़

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक व पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने शनिवार को एक संवाददाता सम्मेलन में बताया है कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का छत्तीसगढ़ प्रवास होगा।

इसी क्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में सभाएं लेकर प्रचार करेंगे। पार्टी की चुनावी तैयारियों की विस्तार से चर्चा करते हुए भाजपा कार्यालय में श्री शर्मा ने बताया कि भाजपा ने लोकसभा चुनाव की दृष्टिकोण से छत्तीसगढ़ को तीन कलस्टरों में विभाजित कर प्रभारी व सह प्रभारियों की नियुक्ति की। इसी प्रकार संभाग प्रभारी एवं सह प्रभारियों की नियुक्तियां की गई है। शर्मा ने कहा कि आचार संहिता लगने से पहले ही पूरे 11 उम्मीदवारों की घोषणा होने का बाद लोकसभा क्षेत्रों एवं विधानसभा क्षेत्रों में लोकसभा चुनाव कार्यालय का शुभारंभ हो चुका है। सभी लोकसभा प्रत्याशियों का अपने-अपने लोकसभा क्षेत्रों में सघन दौरा प्रारंभ हो चुका है। चुनाव सुचारू रूप से संचालित करने के लिए चुनाव प्रबंधन संयोजक व सह प्रबंधकों की नियुक्ति हो चुकी है। प्रधानमंत्री मोदी के 10 वर्ष के एवं भाजपा की प्रदेश सरकार के तीन माह के कार्यकाल की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने के लिए प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में तीन-तीन प्रचार रथ चलेंगे।

भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक शर्मा ने कहा कि विधानसभा चुनाव सम्पन्न होने बाद से ही भाजपा ने लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए विभिन्न कार्यक्रमों की रचना की। इस क्रम में गाँव चलो अभियान का प्रारंभ भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने किया। इस अभियान के तहत प्रदेश के 20 हजार गांवों में भाजपा कार्यकर्ता गए। इस अभियान में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जशपुर में, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव रायपुर ग्रामीण में एवं गांव चलो अभियान के प्रदेश संयोजक नारायण चंदेल जांजगीर में प्रवास कर 24 घंटे का समय व्यतीत किए। सांगठनिक 35 जिलों के 280 स्थानों पर शक्ति वंदन कार्यक्रम किया गया।

भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. सरोज पांडेय के नेतृत्व में शक्ति वंदन अभियान के तहत 8 एवं 9 फरवरी 2024 को जिलास्तरीय एनजीओ एवं महिला स्व. सहायता समूह का संवाद कार्यक्रम किया गया। शर्मा ने बताया कि वादे के मुताबिक प्रदेश सरकार ने अब तक प्रदेश के 10 हजार से अधिक लोगों को भगवान श्रीराम लला के दर्शन के लिए अयोध्या श्रद्धा ट्रेन के माध्यम से भेजा है। छत्तीसगढ़ के सभी लोगों के लिए भाजपा की प्रदेश सरकार श्रीराम लला के दर्शन हेतु विशेष ट्रेन चला रही है। प्रदेश में चल रहे लाभार्थी सम्पर्क अभियान के तहत लाभार्थियों के घर-घर हमारे 1.08 लाख पार्टी कार्यकर्ता जाकर प्रधानमंत्री मोदी का पत्र, स्टीकर और केंद्र सरकार की योजनाओं का पत्रक दे रहे हैं।

आचार संहिता, निर्वाचन व्यय और भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के बारे में बताया

राजनीतिक दलों की बैठक लेकर सीईओ ने दी चुनाव की जानकारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर (ए.)। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) रीना बाबासाहेब कंगाले ने सोमवार को मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक ली। उन्होंने बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को आदर्श आचरण संहिता और निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में आयोजित बैठक में लोकसभा आम निर्वाचन के दौरान अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।

बैठक में बताया गया कि निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही सम्पूर्ण प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है और निर्वाचन प्रक्रिया समाप्त होने तक यह प्रभावशील रहेगी। राज्य में निर्वाचक नामावलियों के अंतिम प्रकाशन के पश्चात भी सतत अद्यतीकरण में मतदाताओं के नाम जोड़े जाने की कार्यवाही निरंतर प्रक्रियाधीन है। राज्य के सभी मतदान केन्द्रों में सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं जैसे-रैंप, पेयजल, विद्युत प्रकाश, शौचालय इत्यादि की व्यवस्था कर ली गई है। प्रत्येक मतदान केन्द्र में मतदाता सहायता केन्द्र का निर्माण किया जाएगा।

बैठक में बताया गया कि सभी मतदान केन्द्रों में बुजुर्गजनों एवं दिव्यांग मतदाताओं की सहायता हेतु मतदाता मित्र आवश्यक सहयोग हेतु उपस्थित रहेंगे। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 85 वर्ष से अधिक आयु वाले वृद्धजन, 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता रखने वाले दिव्यांगजन एवं कोविड-19 के संदिग्ध अथवा संक्रमित मतदाता भी निर्धारित प्रारूप के माध्यम से निर्वाचन की अधिसूचना दिनांक के 5 दिवस के अन्दर सम्बंधित रिटर्निंग अधिकारी को आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं, जिससे वह डाक मतपत्र के माध्यम से घर पर ही वोटिंग कर सकेंगे। बैठक में राजनीतिक दलों एवं अभ्यर्थियों द्वारा निर्वाचन के दौरान व्यय किए जाने की सीमा तथा व्यय लेखों के संधारण के संबंध में आयोग के निर्देशों की जानकारी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को दी गई। बैठक में निर्वाचन अवधि के दौरान वाहनों व रैलियों की अनुमति की प्रक्रिया तथा इस संबंध में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों से भी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया।

बैठक में अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी पी.एस. ध्रुव सहित मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

अल्का गुप्ता ने अपना परफॉर्मेंस माताओं को समर्पित किया

टीवी एक्ट्रेस अल्का गुप्ता जल्द ही सीरियल मैं हूं साथ तेरे में मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। एक्ट्रेस ने सीरियल में सिंगल पेरेंट्स की भूमिका निभाने के बारे में खुलासा किया।

इस शो में दर्शक सिंगल मदर की भूमिका में अल्का गुप्ता (जानवी) की उथल-पुथल भरी जर्नी देखेंगे। इस शो में पेरेंट्स बनने के दौरान एक मां के अनगिनत बलिदानों को रेखांकित किया गया है। ग्वालियर में रहने वाली जानवी अपने बेटे कियान के साथ रहती है। लेकिन मजबूत रिश्ता और प्यार के बावजूद, कियान खुद से ज्यादा अपनी मां के लिए पिता की मौजूदगी की कमी महसूस करता है। कहानी तब और गहराई में चली जाती है जब जानवी की मुलाकात एक अमीर बिजमेसमैन आर्यमान (करण वोहरा) से होती है। दोनों एक साथ काम करने लगते हैं।

अल्का ने अपनी भूमिका के बारे में कहा, यह पहली बार है कि मैं एक मां और सिंगल पेरेंट्स की भूमिका निभा रही हूं। मैं इसे लेकर वास्तव में उत्साहित हूं। यह मेरे अब तक के किसी भी किरदार से काफी अलग है। देवों के देव...महादेव में अपने काम के लिए मशहूर अल्का ने कहा, मैं अपना परफॉर्मेंस उन सभी माताओं को समर्पित करना चाहती हूं जो अकेले ही अपने बच्चे का पालन-पोषण कर रही हैं। मैं हूं साथ तेरे का प्रीमियर जल्द ही जी टीवी पर होगा।



दुश्मनों का सफाया करते दिखे सोनू सूद

फतेह का रौंगटे खड़े कर देने वाला टीजर हुआ जारी

हरशिव कार्तिक फिल्म बहुमुखम का टीजर आउट

बॉलीवुड के रियल हीरो सोनू सूद की मोस्ट अवेटेड फिल्म फतेह का टीजर रिलीज हो गया है। फतेह के टीजर से पता चलता है कि सोनू सूद अपनी इस फिल्म में कितना खौफनाक रोल करने जा रहे हैं। इस फिल्म को खुद सोनू सूद ने डायरेक्ट किया है। एक्टर ने फिल्म से एक पोस्टर रिलीज कर टीजर की रिलीज डेट का खुलासा किया था। अब सोनू ने देर ना करते हुए टीजर रिलीज कर दिया है। इस फिल्म में सोनू सूद के साथ एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस भी नजर आ रहीं हैं। सोनू सूद की एक्शन ड्रामा फिल्म फतेह का 1।40 मिनट का टीजर बेहद खौफनाक है। इसकी शुरुआत इस वॉयस ओवर से होती है कि, फतेह तुमनें 40।।। इतने में फतेह के रोल में दिख रहे सोनू सूद ने बोलते हैं।।।40 नहीं 50 ।।। इसके बाद सोनू सूद एक-एक कर बदमाशों को शूट करते दिख रहे हैं। टीजर के साथ-साथ सोनू ने बताया है कि फिल्म साल 2024 में ही रिलीज होगी, लेकिन इसकी रिलीज डेट का खुलासा नहीं किया है।

सोनू सूद अपनी फिल्म फतेह के सेट से अब कई तस्वीरें शेयर कर चुके हैं। इन तस्वीरों को शेयर कर सोनू सूद ने कैप्शन में लिखा था फतेह मेरे लिए स्पेशल और निजी फिल्म रही है। यह उन युथ को श्रद्धांजलि है जो कई तरह से साइबर क्राइम का शिकार हो चुके हैं।।।तैयार हो जाइए। सोनू सूद के संग फिल्म में जैकलीन फर्नांडिज लीड रोल में होगीं। साइबर क्राइम की रियल लाइफ स्टोरीज पर बनी इस फिल्म की शूटिंग बहुत पहले ही पूरी हो चुकी है। एक्टर ने जैसे ही सोशल मीडिया पर तस्वीरें शेयर कीं तो फैंस ने झमाझम लाइक्स और कमेंट्स की बात कर दी थी। एक फैन ने लिखा था, आपकी फिल्म के लिए हम एक्साइटेड हैं और ज्यादा इंतजार नहीं कर सकते। फतेह में सोनू सूद और जैकलीन फर्नांडिज के साथ ही शिवज्योति राजपूत, विजय राज के साथ ही अन्य एक्टर्स भी अहम रोल में नजर आने वाले हैं।

बहुमुखम का टीजर आउट। हरशिव कार्तिक आगामी फिल्म बहुमुखम में लेखक, डिजाइनर, निर्माता, निर्देशक और मुख्य अभिनेता के रूप में काम करते हुए कई भूमिकाएं निभा रहे हैं। गुड, बैड एंड द एक्टर टैगलाइन वाली यह फिल्म एक सस्पेंस ड्रामा थ्रिलर है, जिसे अटलांटा, मैकॉन, कैंटन और जॉर्जिया, अमेरिका के आसपास के इलाकों में विभिन्न स्थानों पर शूट किया गया है। हाल ही में, फिल्म की प्रचार गतिविधियां इसके फर्स्ट लुक पोस्टर के अनावरण के साथ शुरू हुईं, जिसे जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। आज फिल्म का टीजर रिलीज हो गया है, जिससे उत्साह और बढ़ गया है।

कहानी तनवीर के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक हिरासत केंद्र में अपने प्रारंभिक वर्ष बिताने के बाद, अनिवार्य परामर्श सत्र के लिए मनोचिकित्सक दिशा से मासिक रूप से मिलता है। तनवीर अपने और अपनी मां के अभिनेता बनने के सपने को पूरा करने के लिए दिशा से मदद मांगता है। हालाँकि, तनवीर के पास भयानक रहस्य हैं जो उसके आसपास के लोगों के लिए खतरा पैदा करते हैं। फिल्म नायक की जटिल प्रकृति पर प्रकाश डालती है, रोमांचक खुलासे और अप्रत्याशित मोड़ के साथ एक रहस्यमय नाटक पेश करती है।

बहुमुखम का टीज़र नायक के विभिन्न पहलुओं को दर्शाता है, जिसे हरशिव कार्तिक ने प्रभावशाली ढंग से चित्रित किया है। फिल्म के अन्य पहलुओं जैसे लेखन और निर्देशन में भी उनकी भागीदारी सराहनीय है। स्वर्णिमा सिंह और मारिया मार्टीनोवा ने अपनी-अपनी भूमिकाओं में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है।

ल्यूक फ्लेचर की सिनेमैटोग्राफी और श्रीचरण पकाला का बैकग्राउंड स्कोर फिल्म की प्रमुख संपत्ति के रूप में सामने आता है, जो कहानी में गहराई और तीव्रता जोड़ता है। क्रिस्टल माउंटेन प्रोडक्शंस के बैनर तले अरविंद रेड्डी द्वारा सह-निर्मित, फिल्म में रामास्वामी और हरशिव कार्तिक के संवादों के साथ फणी कल्याण का संगीत है। हरशिव कार्तिक गैरी बीएच के साथ संपादन का काम भी संभालते हैं।

उम्मीद है कि निर्माता जल्द ही फिल्म की रिलीज की तारीख की घोषणा करेंगे, जिससे बहुमुखम की दिलचस्प कहानी का अनुभव करने के लिए उत्सुक दर्शकों के बीच प्रत्याशा बढ़ जाएगी।

दिनभर पानी पीना भूल जाते हैं

शरीर को स्वस्थ रखने के लिए रोजाना पर्याप्त मात्रा में पानी पीना बेहद जरूरी है, यह हम सब जानते हैं। बावजूद इसके हम दिनभर ठीक से पानी नहीं पीते हैं। पानी हमे हाइड्रेट रखने के साथ हमारे शरीर से विषैले पदार्थों व गंदगी को बाहर निकालने का काम करता है। हालांकि, इस बात का भी ध्यान रखें कि जरूरत से ज्यादा पानी पीने से शरीर को हानि पहुंच सकती है। प्रत्येक व्यक्ति को हर दिन कम से कम 2 लीटर पानी जरूर पीना चाहिए। ऐसा करने से शरीर को कई रोगों से बचाया जा सकता है। कई बार लोग शरीर के लिए पानी की आवश्यकता के बारे में जानते हुए भी पानी पीना भूल जाते हैं। इसलिए हम कुछ ऐसे टिप्स शेयर कर रहे हैं, जिनसे आप अपने पानी का इनटेक बढ़ा सकते हैं।



पानी की बोतल कैरी करें

घर से बाहर जब भी कदम रखें चाहें ऑफिस जा रहे हो या किसी से मिलने, हमेशा अपने साथ पानी की बोतल रखें। कई बार आप दिनभर घर से बाहर होने पर इतने व्यस्त हो जाते हैं कि आपको पानी पीने का ख्याल ही नहीं आता है। ऐसे में पानी हर समय आपके पास उपलब्ध होगा। साथ ही पानी की बोतल हाथ में रहेगी तो न चाहते हुए भी आपको पानी पीने का मन करता रहेगा।

अपने फोन में अलार्म सेट करें

पानी पीना भूल जाते हैं, इसे याद रखने का सबसे बेस्ट तरीका है फोन में अलार्म सेट करना। आपको कई एप भी मिल जाएंगी जिन्हें खासतौर से इसी काम के लिए डिजाइन किया गया है। प्रत्येक अलार्म पर एक कप पानी पीने की आदत डालें। ये तरीका कई बार इरिटेट कर सकता है, लेकिन इसके परिणाम काफी अच्छे हैं।

इंफ्यूज वॉटर (फ्लेवर्ड वॉटर)

पानी पीने से बोरियत आती है, तो क्यों न उसमें ही कुछ एड ऑन कर दिया जाए। अपने पानी के इनटेक को बढ़ाने के लिए पानी में कुछ फ्ल, सब्जियां या हर्ब्स का इस्तेमाल कर इंफ्यूज वॉटर तैयार कर सकते हैं। यह टेस्ट में बेहतर होने के साथ स्वास्थ्य को कई लाभ पहुंचाता है। चाहें तो नींबू और पुदीना या फिर खीरा और तुलसी का कॉम्बिनेशन ट्राई कर सकते हैं। कुछ लोग अल-अलग बेरी का इस्तेमाल भी करते हैं।

आदत बनाएं

रोजाना सुबह उठकर एक गिलास पानी पीने की आदत डालें। इसके बाद दिनभर में जितनी मील लें उससे आधे घंटे पहले एक गिलास पानी पिएं। इससे धीरे धीरे यह आपकी आदत में आ जाएगा और रोजमर्रा की जिंदगी में पानी का इनटेक अपने आप बढ़ जाएगा।

पानी से भरपूर चीजों का सेवन करें

शरीर में पानी की पूर्ति के लिए आप इनडायरेक्ट तरीका भी अपना सकते हैं। इसके लिए ऐसी चीजों का सेवन करें, जिनमें पानी उच्च मात्रा में मौजूद हो। जैसे तरबूज, संतरा, स्ट्रॉबेरी, खीरा आदि। ये सभी चीजों आपके शरीर को हाइड्रेट रखने के साथ फाइबर व कई जरूरी पोषक तत्व प्रदान करती हैं।

क्या इससे स्किन पर क्या असर पड़ता है?

क्या रोजाना मेकअप करना सही या गलत?

मेकअप करना महिलाओं की पहली पसंद होता है। जो उनकी सुंदरता को निखारता है। लेकिन क्या आप जानते हैं रोजाना मेकअप करने से हमारी स्किन पर किस प्रकार का असर पड़ता है? अगर नहीं जानते हैं, तो यह खबर आपके लिए है। लंबे समय तक त्वचा पर मेकअप लगाएं रखना स्किन पर प्रभाव डालता है। इस आर्टिकल में हम बताएंगे किस तरह मेकअप स्किन के लिए खतरनाक हो सकता है।

स्किन पर पड़ता है सकारात्मक प्रभाव

स्वाभाविक है कि मेकअप करने से महिलाओं की सुंदरता बढ़ जाती है। लेकिन यही मेकअप कब आपकी स्किन डैमेज कर देता है, आपको पता भी नहीं चलता है। आजकल इस फैशन के दौर में छोटी-छोटी लड़कियां भी रोजाना मेकअप करती है, कम उम्र में रोजाना मेकअप भविष्य में स्किन ख़राब कर सकता है। रोजाना मेकअप करने के कई सारे नकारात्मक प्रभाव पड़ते हैं। इसके प्रयोग से त्वचा पर नुकसान हो सकता है और कई स्किन से संबंधित समस्याएं हो सकती है।

स्किन के लिए मेकअप है खतरनाक

रोजाना मेकअप करना अब महिलाओं की आदत बन गया है। मेकअप लगाने से त्वचा के पोर्स बंद हो जाते हैं, जिससे स्किन सेल डैमेज होने लगते हैं। यही नहीं फेस पर मुंहासे, पिंपल्स और एलर्जी जैसी समस्याएं होने लगती है, जिससे पूरा फेस लाल होने लगता है। रोजाना मेकअप त्वचा को सांस लेने में दिक्कत दे सकता है। इसके अलावा इससे स्किन का रंग फीका होने लगता है। बाजार में मिलने वाले कुछ मेकअप में केमिकल होने की वजह से स्किन से संबंधित समस्याएं होने लगती है।

अपनाएं ये टिप्स

1। रोजाना मेकअप करने के बदले आप कभी-कभी मेकअप करें।

2। भारी मेकअप के बदले आप हल्का मेकअप करें, जिससे त्वचा को नुकसान नहीं पहुंचेगा।

3। मेकअप हटाने के लिए मेकअप रिमूवर का इस्तेमाल करें।

4। अगर आप रोजाना मेकअप करती हैं, तो सोने से पहले पूरा फेस साफ करके सोए।

मडगांव एक्सप्रेस का नया गाना नॉट फनी हुआ रिलीज

रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर की एक्सेल एंटरटेनमेंट तैयार है। यह फिल्म अपने जबरदस्त ट्रेलर और गानों की वजह से दर्शकों के बीच मच अवेटेड फिल्मों में से एक बन गयी है। ऐसे में फिल्म के एक्टर्स भी कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं, अपने फैंस की उत्सुकता को बढ़ाने का और इसी सिलसिले को आगे लेकर जाते हुए एक्टर्स ने फिल्म से बीटीएस को शेयर किया है।

फिल्म के चर्चा में रहने की वजह उसके गानों को मिल रहा प्यार भी है। ऐसे में मेकर्स ने उत्साह के पैमाने को और बढ़ाने के लिए दिल्ली के श्री राम कॉलेज ऑफ़ कॉमर्स में अपना एक और गाना लॉन्च कर दिया ह। संगीतकार शारिब और तोशी के म्यूजिकल ब्रिलियंस, शारिब और अकासा सिंह के डायनामिक आवाज़ और कलीम शेख के जबरदस्त लिरिक्स के साथ, नॉट फनी एक सेंसेशन बनने का वादा करता है।

दिल्ली में एक्सेल एंटरटेनमेंट ने मडगांव एक्सप्रेस का एक इवेंट रखा था। इस इवेंट में निर्देशक कुणाल खेमू, के अलावा लीड कास्ट प्रतीक गांधी, दिव्येंदु, नोरा फतेही और अविनाश तिवारी को देखा गया। सभी को इवेंट में नॉट फनी की जादू को अनुभव करने के लिए उत्साहित देखा गया। नॉट फनी फिल्म मडगाव एक्सप्रेस की सार को समेटे हुए है, जो उसके फ्रेश कहानी और दिलचस्प किरदारों की एक झलक पेश करता है। दिल को छूने वाले रिथम और सुरीली धुन के साथ, यह गाना म्यूजिक लवर्स के लिए सही टोन सेट करता है, साथ ही यह फिल्म की यात्रा पर भी लेकर जाता है, जो एक यादगार सिनेमा देखने के एक्सपीरियंस की शुरुआत है।

शारिब और तोशी, शारिब और अकासा सिंह के बीच सहयोग, कलीम शेख के दमदार लिरिक्स के साथ, यह कम्पोजीशन इमोशन को गहराई के तक छूता है। नोरा फतेही, दिव्येंदु और अविनाश तिवारी की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री गाने में एक एडिशनल चार्म लाती है, जो सीन्स को और भी खास बनाती है। मडगांव एक्सप्रेस को रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर के एक्सेल एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनाया गया है। वहीं, कुणाल खेमू द्वारा लिखित और निर्देशित यह फिल्म 22 मार्च, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

नोक-झोंक

53 साल के करियर में नहीं मिली एक भी फिल्म

जावेद और 'एनिमल' डायरेक्टर के बीच छिड़ी जुबानी जंग

जावेद अख्तर और संदीप रेड्डी वांगा 'एनिमल' फिल्म को लेकर लगातार एक दूसरे पर तंज कस रहे हैं। अब संदीप के फरहान अख्तर पर की गई टिप्पणी को लेकर जावेद अख्तर ने पलटवार किया है।

जावेद अख्तर और संदीप रेड्डी वांगा के बीच जुबानी जंग रुकने का नाम नहीं ले रही है। पिछली बार 'एनिमल' डायरेक्टर ने रणबीर कपूर के साथ उनकी फिल्म की आलोचना करने पर जावेद अख्तर पर ताना मारा था। संदीप ने जावेद अख्तर से कहा था कि उनके बेटे फरहान अख्तर किस तरह की फिल्में और वेब सीरीज करते हैं, इसकी जांच करें। बता दें कि उन्होंने 'मिर्जापुर' को निशाना बनाया था।उस ताने के बाद, जावेद अख्तर ने इस पर तुरंत प्रतिक्रिया नहीं दी, लेकिन अब उन्होंने इसे अपने तरीके से संदीप रेड्डी वांगा को जवाब दिया है। एनिमल की सफलता को खतरनाक बताने वाले जावेद ने अपने बेटे के प्रोडक्शन 'मिर्जापुर' को लेकर वांगा के ताने पर अपनी प्रतिक्रिया दी है।



बरखा दत्त के साथ एक इंटरव्यू में जावेद अख्तर ने कहा कि ''जब उन्होंने मुझे जवाब दिया तो मुझे सम्मानित महसूस हुआ। मेरे 53 साल के करियर में उन्हें एक भी फिल्म, एक स्क्रिप्ट, एक सीन, एक डायलॉग, एक गाना नहीं मिला। इसलिए उन्होंने चुना बेटे के एक काम को, जिसमें न तो फरहान ने अभिनय किया है, न ही निर्देशन किया है, न ही लिखा है। उनकी कंपनी ने बस इसका निर्माण किया है। आजकल एक्सेल जैसी बड़ी कंपनियां बहुत सी चीजें बना रही हैं। उनमें से एक यह है। इसने मुझे अंत तक परेशान किया। 53 साल के करियर में तुम कुछ भी नहीं निकल पाये? कितनी शर्म की बात है।

फिल्म का बनना नहीं चलना खतरनाक है

जावेद ने यहां तक कहा कि उन्हें फिल्म निर्माता से कोई समस्या नहीं है और उन्हें पूरा अधिकार है कि वह जो चाहें बनाएं। लेकिन समस्या यह है कि दर्शकों ने फिल्म को जिस तरह से स्वीकार किया और यही बात उन्हें खतरनाक लगी। कई लोग जावेद की बात से सहमत थे। एनिमल को एक सेक्सिस्ट फिल्म करार दिया गया है और फिल्म में कई ऐसे दृश्य हैं जो कई लोगों को पसंद नहीं आए। वहीं दूसरी ओर संदीप रेड्डी वांगा अब एनिमल का सीक्वल एनिमल पार्क बनाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

अल्लू व संजय भिड़ने तैयार, पुष्पा 2 में हुए शामिल

अपने जमाने के बेहतरीन अभिनेताओं में गिने जाने वाले संजय दत्त अब दक्षिण भारतीय सिनेमा में धमाल मचा रहे हैं। केजीएफ चैप्टर 2 में खलनायक बनकर सबके छक्के छुड़ाने वाले संजय ने साउथ में धमाकेदार शुरुआत की थी। इसके बाद वह एक के बाद एक फिल्म से जुड़ते दिखाई दे रहे हैं। अब ऐसी खबर आ रही है, जिसे सुनकर उनके प्रशंसक खुशी से झूम उठेंगे। दरअसल, ताजा खबर के अनुसार अब संजय पुष्पा 2 से भी जुड़ गए हैं।

पुष्पा: द रूल इस साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म लगातार सुर्खियों में बनी हुई है और अब निर्माता इसे और भी दिलचस्प और रोमांचक बनाने की योजना बना रहे हैं।कथित तौर पर, निर्माता अब अल्लू अर्जुन अभिनीत फिल्म में संजय को कास्ट करने की योजना बना रहे हैं।सियासत की एक रिपोर्ट की मानें तो पुष्पा 2 में संजय एक मेहमान भूमिका निभा सकते हैं। कथित तौर पर, संजय सुकुमार निर्देशित इस फिल्म में एक प्रभावशाली व्यक्ति की भूमिका निभा सकते हैं, जो कहानी को एक नया मोड़ देगा।इसके अलावा, यह भी दावा किया गया है कि अभिनेता का किरदार बहुत शक्तिशाली होगा और उन्हें खतरनाक डॉन के रूप में स्क्रीन पर पेश किया जाएगा।हालांकि, यह भी ध्यान रखना बहुत जरूरी है कि अभी यह सिर्फ अटकलें हैं और इसके बारे में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इससे पहले दर्शकों ने संजय को यश की केजीएफ 2 में अधीरा की भूमिका निभाते देखा था, जिसके लिए उनकी काफी प्रशंसा हुई थी। इसके अलावा, संजय पिछले साल रिलीज हुई थलापति विजय की लियो में एंटनी दास के रूप में भी दिखाई दिए थे।

हालिया रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि जाह्नवी कपूर भी पुष्पा 2 में नजर आ सकती हैं।ओटीटीप्ले की रिपोर्ट के मुताबिक, निर्माता जाह्नवी को पुष्पा 2: द रूल में एक डांस नंबर करने के लिए लेना चाहते हैं। अगर इन खबरों में सच्चाई हुई तो पुष्पा 2 अभिनेत्री की पहली तेलुगु फिल्म बन जाएगी। बता दें, पुष्पा: द राइज में सामंथा रुथ प्रभु ने ऊ अंटावा पर डांस कर दर्शकों का दिल जीता था। साल 2021 में रिलीज हुई पुष्पा: द राइज़ ब्लॉकबस्टर होने के बाद निर्माताओं ने इसके दूसरे भाग का ऐलान कर दिया था। दर्शक तभी से पुष्पा 2 की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं।अल्लू और रश्मिका मंदाना अभिनीत इस फिल्म की शूटिंग चल रही है। बता दें, नवंबर 2023 में अभिनेता का स्वास्थ्य बिगड़ने के कारण फिल्म की शूटिंग रोक दी गई थी। हालांकि, अब फिर शुरू हो चुकी है। पुष्पा 2 15 अगस्त, 2024 को रिलीज होगी।

आइने से बातें करना आपके कॉन्फिडेंस को नेक्स्ट लेवल पर ले जा सकता है, जानिए इसके फायदे

वे लोग जो सोशली आइसोलेट रहते है और जिन्हें अन्य लोगों से बात करने में हिचक महससू होती है, उन्हें मिरर टॉक करने की सलाह दी जाती है। जानते हैं कि कैसे मिरर टॉक है फायदेमंद।

जीवन में सफलता पाने के लिए किसी भी व्यक्ति में सेल्फकॉफिडेंस का होना बेहद ज़रूरी है। अपने अंदर आत्मविश्वास जगाने के लिए लोग कई प्रकार के कोर्स और वर्कशॉपस में हिस्सा लेते हैं। मगर वे एक्सप्रेसिव बनने और खुद को साबित करने में सफल नहीं हो पाते हैं। अगर आप भी अपने अस्तित्व की खोज में निकल पड़े हैं और आत्मविश्वास की चाबी से जीवन के सभी सुनहरे मौकों को हासिल करना चाहते हैं, तो मिरर टॉक बेहतरीन विकल्प है। इसकी मदद से न केवल आत्मविश्वास बढ़ता है बल्कि और भी कई फायदे मिलते हैं।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

खास खबर

अग्रसेन महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने कवर्धा में आदिवासियों की स्थिति का किया अवलोकन

रायपुर। अग्रसेन महाविद्यालय के समाज कार्य विभाग के विद्यार्थियों ने अपने शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत कबीरधाम जिले की चिल्फी घाटी में लोहारटोला गाँव में रहने वाली विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा के परिवारों से मुलाकात की। इस दौरान विद्यार्थियों ने बैगा परिवारों से मिलकर उन्हें केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में जागरूक किया। साथ ही इन परिवारों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत मिलने वाले लाभ की जानकारी भी उनसे प्राप्त की। इस अध्ययन के लिए अनुसूची तथा साक्षात्कार विधि का प्रयोग किया गया। समाज कार्य विभाग के प्रमुख प्रो मोहम्मद रफीक ने बताया की यह अध्ययन विद्यार्थियों के लिए बहुत लाभकारी रहा। इस अध्ययन के दौरान विद्यार्थियों ने बैगा परिवारों की परम्पराओं और उनकी दिनचर्या से सम्बंधित सामान्य जानकारी भी एकत्र की। इस शैक्षणिक भ्रमण के सम्बन्ध में महाराजाधिराज अग्रसेन शिक्षण समिति के अध्यक्ष एवं अग्रसेन महाविद्यालय के निदेशक डॉ. वी.के अग्रवाल, महाराजाधिराज अग्रसेन शिक्षण समिति के सचिव एवं अग्रसेन महाविद्यालय के एडमिनिस्ट्रेटर डॉ. अमित अग्रवाल तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. युलेन्द्र कुमार राजपूत ने कहा कि समाज कार्य विभाग के विद्यार्थियों ने समुदाय के बीच में जाकर जो प्रायोगिक ज्ञान एकत्र किया है, उससे उन्हें आदिवासी क्षेत्रों के विषय में विस्तृत अनुभव प्राप्त होगा। साथ ही यह अध्ययन उन्हें जनजातीय जीवन शैली को समझने में सहायक होगा. इस भ्रमण में समाज कार्य विभाग के अन्य सभी प्राध्यापक भी सम्मिलित हुए।

सीमावर्ती क्षेत्रों के चेक पोस्ट से गुजरने वाले वाहनों का करें सघन जांच

जशपुरनगर। आगामी लोकसभा 2024 के निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करने के लिए जिला स्तर पर गठित स्थैतिक निगरानी दल का कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में अपर कलेक्टर आई एल ठाकुर की उपस्थिति में प्रशिक्षण आयोजित किया गया प्रशिक्षण में आदर्श आचार संहिता के साथ टीम को सौंपे गए दायित्व की जानकारी मास्टर ट्रेनर प्रोफेसर डी आर राठिया के द्वारा विस्तार से जानकारी दी गई। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक दल के अभ्यर्थियों को समानता का अवसर पर प्रदान करने धनबल एवं बाहुबल को नियंत्रित करने के लिए सभी अंतर राज्य सीमा पर चेक पोस्ट में सभी आवागमन वाहनों का एसएसटी टीम 24 घंटे निगरानी करेगी। निर्वाचन आचार संहिता के दौरान पचास हजार के अवैध राशि, दस हजार से अधिक का उपहार सामग्री, अवैध हथियार, अवैध शराब की आवागमन पर कड़ी नजर रखेंगे। स्टार प्रचारक, निर्वाचन अभिकर्ता को प्रमाण के साथ एक लाख रुपए तक का राशि रखने का अधिकार होगा। कोई सामान्य व्यक्ति के पास से दस लाख से अधिक नगद राशि पाए जाने की स्थिति में आयकर विभाग को सूचित कर सुपुर्द किया जाएगा। प्रचार वाहनों का भी अनुमति लेना आवश्यक होगा। अपर कलेक्टर आई एल ठाकुर ने सभी स्थैतिक निगरानी दल के सदस्यों से कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में दायित्वों का पूरी ईमानदारी से निर्वहन करें तथा चेक पोस्ट से गुजरने वाले वाहनों का सघन जांच करें। उन्होंने फ्लाइंग स्क्वायड टीम, व्यय प्रेक्षक के साथ बेहतर समन्वय बनाकर कार्य करें। अपनी निर्धारित चेक पोस्ट पर समय पर पहुंचना सुनिश्चित करें। रिपोर्ट समय पर देना सुनिश्चित करें।उन्होंने दलों के सदस्यों को जांच कार्रवाई का वीडियोग्राफी करने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण में सभी स्थैतिक निगरानी दल के सदस्य उपस्थित थे।

सामाजिक सद्भाव और आपसी भाईचारे के साथ मनाएं होली : कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

अम्बिकापुर। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी विलास भोस्कर की अध्यक्षता में सोमवार को आगामी 24 और 25 मार्च को होलिका दहन एवं रंग पर्व होली के मद्देनजर जिले में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान एसपी विजय अग्रवाल, समिति के सभी सदस्य, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, समुदाय प्रमुख, गणमान्य नागरिक, मीडिया के प्रतिनिधि, जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी विलास भोस्कर ने कहा कि सामाजिक सद्भाव एवं आपसी भाईचारे के साथ गौरवशाली परम्परा एवं शांतिपूर्ण ढंग से होली का त्योहार मनाया जाना हम सब की जिम्मेदारी है। उन्होंने बैठक में उपस्थित समिति के सदस्यों, गणमान्य नागरिकों एवं प्रशासनिक अधिकारियों से आपसी सहयोग और समन्वय कर जिले में शांति, सौहार्द्र और सद्भावना बनाये रखने की अपील की जिससे जिले में हमेशा की भांति उत्साह और उल्लास के साथ पर्व मनाया जा सके।उन्होंने कहा कि जिले में शांति भंग करने वाले असमाजिक तत्वों पर प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी एवं आवश्यक कार्रवाई भी होगी। उन्होंने ट्रैफिक व्यवस्था को बनाये रखने में सहयोग करने एवं सामाजिक सद्भाव बिगाड़ने वालों की सूचना शीघ्र जिला एवं पुलिस प्रशासन को देने की अपील की है। उन्होंने कहा कि लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर 16 मार्च से आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है, जिसके तहत होली त्यौहार में आचार संहिता के नियमों का पालन करना आवश्यक होगा जिसमें आप सभी का सहयोग जरूरी है।

पुलिस अधीक्षक अग्रवाल ने कहा कि जिले में कानून व्यवस्था हेतु जिला एवं पुलिस प्रशासन की टीम एक्टिव रहेगी, शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस द्वारा लगातार पेट्रोलिंग भी की जाएगी। सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस व जिला प्रशासन की संयुक्त टीम विजिट करेगी। हुड़दंग करने वाले शरारती तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी, कानून का उल्लंघन करने वालों पर आवश्यक कार्रवाई भी की जायेगी। आमजनों को किसी प्रकार की समस्या ना हो, इसका पूरा प्रयास रहेगा। शहर के भीतर एवं बाहर के स्थानों पर भी हमारी टीम जांच करेगी। शिकायत हेतु आमजनों के लिए कंट्रोल रूम का नम्बर जारी किया जाएगा। उन्होंने इस हेतु बैठक में सभी से क़ानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की।

बैठक में उपस्थित समिति के सदस्यों ने होली का पर्व जिले में शांतिपूर्ण, लोक परम्परागत ढंग से मनाए जाने हेतु अपने सुझाव रखे जिसमें होलिका दहन के समय बिजली के तारों का विशेष ध्यान रखते हुए अप्रिय घटना होने की आशंका के मद्देनजर बिजली के तारों के नीचे होलिका दहन ना करने, होली का त्योहार जिले में लोक परम्परागत ढंग से मनाए जाने, आदर्श आचार संहिता के पालन के साथ कानून के दायरे में मनाए जाने, और अनुमति के साथ होली मनाने दिए जाने की बात रखी। सदस्यों ने सुझाव रखे कि होली त्योहार के समय विद्यालय एवं महाविद्यालय की परीक्षाएं भी हैं, इसका ध्यान रख तेज आवाज डीजे पर कार्रवाई की जाए।

होली के दो दिन पूर्व चौक चौराहों में जांच, शराब पीकर वाहन चलाने वालों, तीन सवारी पर कार्रवाई हो। आपातकालीन सुविधा जैसे चिकित्सा सेवा, एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड, मछुआरों एवं गोताखोरों की टीम एक्टिव रहें। शहर के अंदर के साथ ही बाहरी स्थानों पर भी निगरानी हो। होली त्योहार पर अवैध वसूली की भी शिकायत देखने को मिलती है, जिस पर कार्यवाही की जरूरत है। थाना स्तर के कंट्रोल रूम का नम्बर जारी किया जाए, मिठाई की मिलावट, रासायनिक रंगों आदि की जांच हो।

समय से संवाद करती हैं नीलिमा की कविताएं : परदेशी राम वर्मा

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। पीएस रायल क्लब में कवयित्री नीलिमा मिश्रा की कविताओं का संग्रह बेंच पर कविता का विमोचन संपन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ कथाकार डॉ परदेशीराम वर्मा ने कहा कि ये संबंधों की कविताएं हैं। कवयित्री ने अत्यंत संवेदनशील कदमों के साथ कविता की दुनिया में कदम रखा है। पुलवामा के शहीदों, निर्भया कांड, आदि सामयिक मुद्दों को गंभीरता से व्यक्त किया है। साहित्य वह कला है कि वह अनकहे को भी अभिव्यक्त करता है। स्त्री मन की यह कविताएं सुख दुख के घर बुनती ह। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ भाषाविद डॉ चित्तरंजन कर ने कहा कि कविताएं कवयित्री की तरह भोली और निर्मल है। इस संग्रह में अनेक विषय सुंदरता से रूपायित हुई हैं। कविताएं कहानी की तरह बयान करती हैं।वरिष्ठ व्यंग्यकार गिरीश पंकज ने कहा कि कवयित्री जीवन की आपाधापी के बीच जी रहे मनुष्य के संघर्ष को परखती है और फिर लिखती हैं। वह स्त्री बिरादरी की पीड़ा को स्वर देती है। प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत रामनारायण मिश्र, पूर्वी, सुहानी, अभिनंदन, कवयित्री नीलिमा सहित कवि परिवार ने किया।

स्वागत भाषण देते हुए डॉ सुधीर शर्मा ने कहा कि नीलिमा मिश्रा की कविताएं जीवन के तमाम सुख दुख को अपने परिवेश के साथ जुड़कर संप्रेषित होती हैं। कविता संग्रह की कवयित्री नीलिमा मिश्रा ने अपने संग्रह की रचना प्रक्रिया की जानकारी देते हुए अपनी चार कविताओं का पाठ किया। सामयिक कविता ओ सरयू के माध्यम से उन्होंने अयोध्या के परिदृश्य का सुंदर चित्रण किया। समीक्षा पाठ करते हुए मीना शर्मा ने कहा कि ये कविताएं स्त्री मन की कोमल कविताएं हैं।

निर्वाचन दायित्वों को आपसी समन्वय एवं गंभीरता से निर्वहन के दिए निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

दंतेवाड़ा। लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु (अजजा) 19 मार्च 2024 को प्रथम चरण में मतदान नियत होने के तहत निर्वाचन के दौरान जिले में कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु किये गये तैयारियों के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक चतुर्वेदी एवं पुलिस अधीक्षक गौरव राय की अध्यक्षता में जिला कार्यालय दन्तेवाड़ा के भू-तल स्थित सभा कक्ष में नियंत्रणकर्ता अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।

आयोजित बैठक में उपस्थित राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों को निर्वाचन दायित्वों को आपसी समन्वय के साथ गंभीरतापूर्वक निर्वहन किये जाने का निर्देश दिया गया। अधिकारीद्धय ने इस दिशा में समय पूर्व संबंधित कार्यों के लिए तैयारी पूरा करने का निर्देश अधिकारियों को दिया। ताकि लोकसभा आम चुनाव 2024 के अवसर पर चुनाव सामग्री, मतदान दलों एवं चुनाव में भाग लेने वालों की सुरक्षा तथा मतदाताओं को बिना डर, भय के निर्भीक होकर अपने मत का प्रयोग करने का अवसर प्रदान करने एवं चुनाव के अवसर पर कानून व्यवस्था को नियंत्रित कर आदर्श आचार संहिता का पालन भी सुनिश्चित किया जा सके। इस हेतु कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री मयंक चतुर्वेदी ने दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 (2) के अंतर्गत निम्नाकिंत प्रतिबंधात्मक आदेश पारित किया है। 16 मार्च 2024 से 04 जून 2024 तक किसी भी व्यक्ति अथवा व्यक्तियों के समूह द्वारा भले ही वह अनुप्तिधारी हो, किसी भी प्रकार का विस्फोटक पदार्थ, अस्त्र-शस्त्र, लाठी, डण्डा एवं अन्य धारदार हथियार लेकर जिला कार्यालय परिसर, जिले के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र कार्यालय एवं उक्त क्षेत्र के मतदान केन्द्र, सामग्री वितरण एवं वापसी केन्द्र तथा मतगणना केन्द्र में प्रवेश नहीं करेगा।

ड्यूटी में तैनात सी.आर.पी.एफ, एस.ए.एफ, सशस्त्र बटालियन एवं अन्य सशस्त्र सुरक्षा कर्मी इस प्रतिबंधात्मक आदेश के प्रभाव से मुक्त रहेंगे । कोई भी व्यक्ति अथवा व्यक्तियों के समूह द्वारा प्रश्नाधीन अवधि में विस्फोटक सामग्री, लाठी, डण्डा, अस्त्र-शस्त्र एवं धारदार हथियार लेकर नहीं चलेगा, न ही चलने के लिये किसी को प्रेरित किया जावेगा । यह आदेश जिले की सामान्य जनता को संबोधित किया जाता है और दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144(2) के अधीन एक पक्षीय पारित किया जाता है।

क्षत्रिय कल्याण सभा व अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा वीरांगना के तत्वावधान में फाग मिलन समारोह

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। क्षत्रिय कल्याण सभा(महिला प्रकोष्ट), भिलाई व अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा वीरांगना के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 17/3/2024 को होली मिलन फाग एवं महिला दिवस का कार्यक्रम महाराणा प्रताप भवन सेक्टर 7 भिलाई में सम्पन्न हुआ ।

क्षत्रिय कल्याण सभा, महिला प्रकोष्ठ की और से समाज की सशक्त महिलाओ का सम्मान, महिला दिवस के उपलक्ष्य में किया गया। रक्षा सिंह(शिक्षा), संगीता सिंह बघेल (शिक्षा एवम समाजसेवा), शीतला ठाकुर (सरपंच), माला सिंह(कवयित्री), एवम विधा सिंह (भजन गायिका) इनका सम्मान विविध क्षेत्रों में उनकी उपलब्धि के लिए किया गया। उपस्तिथ अतिथियों ने कार्यक्रम की खूब सराहना की साथ ही रंगारंग कार्यक्रम व होली मिलन का खूब आनंद भी किया। रक्षा जी ने महिलाओं की मैनेजमेंट के गुणों की सराहना करते हुए श्रीराम भजन गाया। विधा जी ने अपने सुमधुर गीतों से समाँ बांधा। संगीता बघेल ने अपनी प्रकाशित कविताओ में से महिलाओं का सम्बल बढ़ाने वाली कविताओ का पठन किया। माला जी ने वीर रस की हिंदी तथा भोजपुरी कविताये सुनाई। तो शीतला जी ने महिलाओं को निर्भीक होकर समाज का नेतृत्व सम्पूर्ण रीति रिवाज मानते हुए करने के लिए प्रेरित किया। अनेको सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए जिसने उपस्थित सभी का मन मोह लिया।

निरिक्षा राठौर- एकल नृत्य, सुधा सिंह- गायन, माला सिंह- काव्य पाठ, सन्ध्या काव्य पाठ, निरिक्षा सिंह- काव्य पाठ, मंजू सिंह- गीत, पुष्पा - एकल नृत्य, संगीता सिंह- काव्यपाठ, निरिक्षा - एकल नृत्य होउजी एवं अन्य गेमों भी खेलाए गये जिनके विजेता रहे। होउजी सीमा सिंह, सुषमा सिंह बोरसी,स्वाति सिंह अन्य: बिना सिंह,पुष्पाजी, सुषमा सिंह रिसाली होली के उपलक्ष्य में विभिन्न व्यंजनों का स्वाद सभी ने लिया।

कार्यक्रम का संचालन श्रीमती गायत्री सिंह राठौर ने किया। धन्यवाद ज्ञापन सिमा सिंह ने किया। उपरोक्त कार्यक्रम में अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण सभा, वीरांगना की प्रदेश उपाध्यक्षा श्रीमती किरण सिंह, जिल्हा उपाध्यक्ष सुषमा सिंह, संध्या सिंह , संध्या चन्देल, पुष्पा सिंह, मंजू सिंह, अनिता सिंह, प्रभा सिंह, श्वेता चौहान, पुष्पा सिंह,सोनी सिंह, आशा ठाकुर,अन्नपुर्णा सिंह, संजय सिंह एवम उमा सिंह ,क्षत्रिय कल्याण सभा की महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षा करुणा सिंह परिहार,उमा सिंह, ज्योति सिंह , पूनम सिंह , सुषमा सिंह एवम अन्य कार्यकारिणी उपस्थित थी।

स्वत्रंत, निष्पक्ष, शांतिपूर्व लोकसभा निर्वाचन के लिए सौंपे गए दायित्वों का गंभीरता पूर्वक कार्य संपादित करें : कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

कवर्धा। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के स्वत्रंत, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्व लोकसभा निर्वाचन कार्य के सुचारू संपादन के लिए नोडल अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर महोबे ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन के लिए सभी नोडल अधिकारी सौंपे गए दायित्वों को गंभीरतापूर्वक करेंगे। लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत नाम निर्देशन, मतदाता सूची, मानवीय संसाधन की व्यवस्था पोस्टल बैलेट जैसे सभी महत्वपूर्ण कार्य समय पर हो जाना चाहिए। उन्होंने निर्वाचन के दौरान गर्भवती महिलाओं, दिव्यांग कर्मचारियों की ड्यूटी नहीं लगाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि निर्वाचन के दौरान कोई भी अधिकारी-कर्मचारी अनावश्यक अवकाश नहीं लेंगे। निर्वाचन के महत्वपूर्ण कार्य सजगता एवं सक्रियतापूर्वक करेंगे।

उन्होंने कहा कि मतदान कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों के ठहरने की अच्छी व्यवस्था होनी चाहिए। मतदान केन्द्रों में पेयजल, प्रकाश, छांव, रैम्प, साफ-सफाई, उपचार सहित अन्य बुनियादी सुविधाएं होनी चाहिए।

कलेक्टर जनमेजय महोबे ने कहा कि आदर्श आचार संहिता के दौरान सभी अधिकारी समन्वित तरीके से कार्य करेंगे। स्थैतिक निगरानी दल, उडनदस्ता दल, वीडियो निगरानी दल, वीडियो अवलोकन टीम के दल के कार्यों की लगातार मानिटरिंग करें। उन्होंने निर्वाचन सामग्री वितरण एवं मतदान दलों की रवानगी एवं अन्य महत्वपूर्ण कार्य के संबंध में चर्चा की। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता के लिए प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के साथ ही संवदेनशील एवं अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रों का चिन्हांकन तथा सुरक्षाकर्मियों की नियुक्ति आवश्यक है। इसके साथ ही उन्होंने वाहन की व्यवस्था ईटीपीबीएस संबंधित कार्य, वेबकास्टिंग, प्रशिक्षण, ईवीएम-वीवीपेट की उपलब्धता, सी-विजिल, मतदान सामग्री वितरण एवं मतदान दलों की वापसी, निर्वाचन के दौरान कंट्रोल रूम, चिकित्सकीय दल, मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण, पेड न्यूज, मीडिया सेल के संबंध में जानकारी ली।

उन्होंने मतदान दलों के लिए रूट चार्ट तैयार करने के निर्देश दिए, मतदान दलों को सामग्री वितरण एवं मतदान दलों की वापसी एवं नाश्ता व भोजन के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। राजनीतिक दलों को प्रचार-प्रसार करने के लिए ध्वनि विस्तारक यंत्र, रैली, आमसभा को अनुमति एक महत्वपूर्ण कार्य होगा, इसे समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर जिला पंचायत सीईओ संदीप कुमार अग्रवाल, अपर कलेक्टर अविनाश भोई सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

वनवासी विकास समिति का पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। शहर के विभिन्न महाविद्यालयों में फरवरी माह में आयोजित जनजाति नायकों की गौरव गाथा पर आधारित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता दो चरणों में आयोजित की गई थी, आज कैबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन केदार कश्यप के द्वारा इस प्रतियोगिता के विजयी प्रत्याशियों को पुरस्कार वितरण किया गया ।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं भारत माता के पूजन से शुरू हुआ। प्रथम पुरस्कार लैपटॉप मोना साहू ,पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, द्वितीय पुरस्कार देव चरण नागेश ,विज्ञान महाविद्यालय एवं तृतीय पुरस्कार मानस रंजन हायबूरु एन आई टी ने जीता।

सभी अतिथियों के औपचारिक स्वागत पश्चात ,कार्यक्रम का संचालन करते हुए, रूपरेखा एवं प्रस्तावना पर रायपुर महानगर सचिव राजीव शर्मा ने अपने विचार रखें। ,तत्पश्चात विशिष्ट अतिथि डायरेक्टर आईआईटी भिलाई राजीव प्रकाश ने बताया की आई आई टी भिलाई द्वारा जनजातियों के विभिन्न पहलुओं को लेकर लगभग 50 प्रोजेक्ट संचालित किया जा रहे हैं आदिवासियों का गौरव स्वतंत्रता संग्राम के पूर्व से ही रहा है। कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप ने अपने उद्बोधन में कहा की जनजातीय के रहन-सहन उनकी सभ्यता और संस्कृति के बारे में इतिहास में कोई विशेष उल्लेख नहीं है यह जानने के लिए यदि हम जनजाति क्षेत्र में जाकर देखें तो वास्तविक जानकारी हासिल की जा सकती है। पूर्व आईएएस नीलकंठ टेकाम जी ने कहा कि जनजातीय समूह सामान्य सरल, सहज और स्वभाव का होता है, पूर्व में विभिन्न संप्रदाय के लोगों ने इसका फायदा उठाकर अपने सभ्यता की ओर खींचने का भरपूर प्रयास किया। अब प्रदेश एवं केंद्र सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार के नियम ,सहायता देकर उनको जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश एवं भारतवर्ष के प्रमुख जनजाति नायकों की बारे में प्रदर्शनी लगाई गई । ग्रेसियस कॉलेज अभनपुर एवं शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। आभार प्रदर्शन डॉक्टर अनुराग जैन के द्वारा किया गया इस कार्यक्रम में उद्बोधनकर्ता अतिथियों के साथ-साथ अध्यक्षता उमेश कश्यप ने की, मुख्य वक्ता के रूप में रामनाथ कश्यप ने वनवासी समाज के इतिहास एवं वर्तमान स्थिति के बारे में बताया।

CAR DECOR
House Of Exclusive
Seat Cover,
Car Stereos Matting &
Sun Control Film &
Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower.
Opp. Indian Coffee House,
Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM
Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES
FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden)
Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट,
फ्राक, फैंसी सलवार सूट
एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स,
गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok
JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics
Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers,
Akash Ganga,
Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

खास खबर

पुलिस ने कार से जब्त किया 7 लाख 95 हजार रुपये नगद

जांजगीर चांपा (ए)। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर एफएसटी एसएसटी की टीम गठित की गई है। जो कि लगातार कार्रवाई कर रही है। इस कार्यवाही के दौरान जिला पुलिस ने वाहन चेकिंग के लिए बनारी में लगाये गये प्वाइंट पर जांच के दौरान एक कार से एफएसटी की टीम ने 7 लाख 95 हजार रुपये जब्त किया है। जानकारी के अनुसार खोखरा गांव का रहने वाला अमित कुमार थवाईत कार से जा रहा था। जिसे रोककर पुछताछ की गई और उसकी गाड़ी की तलाशी ली गई तो उसके पास से लाखो रूपये कैश मिला। कैश के संबंध में दस्तावेज की मांग की गई तो कार चालक द्वारा कोई भी वैध दस्तावेज नहीं होने की बात कही गई। जिसके बाद पुलिस की टीम ने नगद जब्त कर लिया तथा कैश जीएसटी विभाग को भेजा दिया गया है।

अवैध परिवहन एवं उत्खनन मामले में 6 वाहन व 2 चेन माउंटेन मशीन जप्त

जांजगीर-चांपा (ए)। कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशन में जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल खनिज विभाग, राजस्व तथा पुलिस विभाग के द्वारा संयुक्त रूप से केराकछार, करमंदा, बलौदा और बोरसी क्षेत्र में खनिजो के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण करने वाले वाहनो, स्थानो का औचक जॉच किया गया। इस दौरान 6 वाहन व 2 चेनमाउंटेन मशीन जप्त किया गया है।

खनिज अधिकारी हेमंत चेरपा ने बताया कि जॉच के दौरान जिले में बम्हनीडीह क्षेत्र अंतर्गत रेत खदान बोरसी में नियमों के अनियमितता पाए जाने के कारण 02 चैन माउंटेन मशीन को जप्त किया गया है तथा छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया गया है, इसके अतिरिक्त जिले में अवैध परिवहन करने वाले केराकछार क्षेत्र से खनिज रेत के 03 प्रकरण, करमंदा क्षेत्र से 02 प्रकरण तथा बलौदा क्षेत्र 01 के प्रकरण दर्ज किया गया। इस प्रकार जिले में खनिजो के अवैध परिवहन करने वाले कुल 06 वाहनो को जप्त कर प्रकरण दर्ज किया कर खनिज नियमो के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी। सभी मामलों में अवैध उत्खननकर्ताओं, परिवहनकर्ताओं, भण्डारणकर्ताओ के विरूद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियमावली 2015 के नियम 71 तथा खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 के तहत दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी।

मधुमक्खियों का हमला, 15 बच्चे अस्पताल में भर्ती

कोरबा (ए.)। कोरबा जिले के करतला स्थित स्वामी आत्मानंद विद्यालय में सुबह के समय मधुमक्खियों के झुंड ने अचानक विद्यार्थियों पर हमला कर दिया। इस घटना में 15 विद्यार्थी मूर्छित हो गए। तुरंत ही इन सभी छात्रों को करतला के सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां पर उन्हें उपचार दिया गया। प्राचार्य त्रिलोक सिंह ने बताया कि प्राथमिक चिकित्सा के बाद सभी विद्यार्थियों को छुट्टी दे दी गई।

बताया जा रहा है कि मंगलवार की सुबह नौ बजे लगभग जब स्कूल लगा। इस दौरान मधुमक्खियों के झुंड ने अचानक स्कूल में मौजूद छात्रों पर हमला कर दिया। इसके बाद बच्चों के बीच चीख पुकार मच गई। शिक्षकों को समझ नहीं आ रहा था कि आखिर हो क्या रहा है। सभी बच्चे और टीचर इधर-उधर भागने लगे। यह नजारा लगभग आधा घंटे तक चलता रहा। किसी तरह बच्चे स्कूल के कमरों में गए और अपनी जान बचाई। लेकिन तबतक लगभग 15 छात्र-छात्राओं पर मधुमक्खियों ने हमला घायल कर दिया। इसके बाद तत्काल सभी को करतला स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है कि स्कूल परिसर पर एक पीपल का पेड़ है। जिस पर मधुमक्खियों ने छत्ता बना कर रखा था। बताया जा रहा है कि अचानक किसी पक्षी के द्वारा चोंच करने के बाद मधुमक्खियों ने हमला करना शुरू कर दिया।

महिला टीआई के साथ मारपीट

रायपुर (ए.)। राजधानी की महिला थाना में पदस्थ थाना प्रभारी वेदवती दरियों के साथ मारपीट की घटना हो गई है। काउंसिलिंग में आई महिला का अपने पति से विवाद हो गया। महिला, उसकी मां और भाई ने पति को पीटना शुरू कर दिया। महिला थाना के स्टाफ और टीआई ने बीच बचाव किया तो वे उनके साथ भी बदसलूकी करने लगे। इस दौरान महिला ने टीआई वेदवती के साथ ही मारपीट शुरू कर दी। उनके ऊपर हाथ उठा दिए। कोतवाली थाने में महिला टीआई की रिपोर्ट पर मारपीट व सरकारी कार्य में बांधा पहुंचाने का केस दर्ज किया गया है। महिला के साथ उसकी मां और भाई को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

मां गिड़गिड़ाती रही, बच्चों ने पिता की पीट-पीटकर कर दी हत्या

सड़क पर पड़ी रही लाश

रायपुर (ए.)। विधानसभा इलाके में एक बुजुर्ग की उसके बेटे-बेटी ने पीट-पीटकर हत्या कर दी। मकान का टैक्स चुकाने के लिए भाई-बहन बुजुर्ग पर दबाव बना रहे थे। बुजुर्ग टैक्स जमा नहीं कर पा रहे थे। पुलिस ने आरोपी भाई-बहन को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों को जेल भेज दिया गया।

पुलिस के मुताबिक 70 वर्षीया कुमारी विश्वकर्मा अपने पति रामकुमार के साथ बंजरपारा सड्डू में रहती है। उनके साथ उनकी एक बेटी रानू भी रहती है। उनके मकान के एक हिस्से में उनका बेटा सुरेश विश्वकर्मा (40) और बेटी पूजा उर्फ बबली विश्वकर्मा (35) भी रहते हैं। 16 मार्च को सुरेश और बबली का उनके पिता रामकुमार के साथ मकान के टैक्स को लेकर झगड़ा हुआ।

सुरेश और बबली बुजुर्ग पिता पर मकान का टैक्स जमा करने के लिए दबाव बना रहे थे। बुजुर्ग का कहना था कि उसके पास पैसा नहीं है और कोई काम-धाम भी नहीं है। इस कारण वह टैक्स नहीं पटा पाएगा। विवाद कुछ शांत हुआ, लेकिन 17 मार्च की रात फिर इसी बात को लेकर उनके बीच झगड़ा हुआ। इसके बाद फिर मामला शांत हो गया।

सोमवार को सुबह करीब 8 बजे सुरेश और बबली ने फिर अपने पिता को पकड़ लिया और टैक्स पटाने के लिए दबाव बनाने लगे। उनके मना करने पर भाई-बहन ने उन पर हमला कर दिया। बबली ने बुजुर्ग के हाथ पकड़ लिए और सुरेश ने उनके पेट व अन्य जगह पर लात-घूंसों से बेदम पिटाई की।

इससे बुजुर्ग वहीं बेसुध होकर गिर पड़े। घटना के समय उनकी पत्नी मदद के लिए आसपास के लोगों को बुलाती रही, लेकिन बचाव करने कोई नहीं आया। बुजुर्ग का शव कुछ देर रोड पर ही पड़ा रहा। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने दोनों भाई-बहन को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों को जेल भेज दिया गया है।

पत्थर से सिर कुचलकर युवक की हत्या



भिलाई। दुर्ग जिले के पद्मनाभपुर थाना क्षेत्र पोटिया क्षेत्र में सोमवार की सुबह युवक की खून से लथपथ लाश मिलने से सनसनी फैल गई। सुबह आसपास के लोगों ने शव को देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस शुरूआती जांच के बाद मृतक की पहचान तोप सिंह धृतलहरे (30) के रूप में की। वहीं पुलिस ने इस मामले में चार युवकों को हिरासत में लिया है। बताया जा रहा है कि रविवार रात को शराब पार्टी के दौरान विवाद के बाद दोस्तों ने ही तोप सिंह की हत्या कर दी।

पैसों के लेन-देन को लेकर विवाद दोस्त ने कर दी दोस्त की हत्या

संदिग्ध हालत में मिला था शव

श्रीकंचनपथ न्यूज

धमतरी। जिले के ग्राम पोटियाडीह में हुए एक अंधेकत्ल का पुलिस ने खुलसा किया है। हत्या के मामले में साइबर पुलिस ने मृतक के दोस्त को गिरफ्तार किया है जो पैसों की लेन देन को लेकर अपने दोस्त की हत्या कर फरार हो गया था। रविवार 17 मार्च की सुबह युवक का शव संदिग्ध अवस्था मिला था।

दरअसल ग्राम खरतुली निवासी मृतक खिलेश्वर साहू ड्राइवरी का काम करता था। 16 मार्च की रात अपने घर से निकला था दूसरे दिन 17 मार्च की सुबह उसका शव संदिग्ध हालात में ग्राम पोटियाडीह के स्टेडियम के पास मिला था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया। शार्ट पीएम रिपोर्ट में हत्या की बात सामने आई इसके बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू की।

जिले की साइबर पुलिस द्वारा संदेह के आधार पर ग्राम खरतुली के ही हुमन साहू को हिरासत में लेकर पूछताछ किया जहां उसने खिलेश्वर की हत्या करना स्वीकार किया। पुलिस की माने तो मृतक खिलेश्वर और आरोपी हुमन साहू 16 मार्च की रात दोनों साथ में शराब पी थी इसी दौरान पैसों की लेन-देन को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया और दोनो के बीच मारपीट होने लगी। इसी दौरान आरोपी हुमन साहू ने खिलेश्वर साहू के साथ मारपीट करते हुए उसे जोर से धक्का दे दिया।जिससे मृतक सिर के बल गिर गया।ऐसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

युवती की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

गरियाबंद (ए)। राजिम के फिंगेश्वर के ग्राम बासीन में एक युवक ने दिनदहाड़े युवती की हत्या कर दी। युवक ने तलवार नुमा हथियार स युवती पर ताबड़तोड़ वार किया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही फिंगेश्वर पुलिस मौके पर पहुंची तथा मर्ग कायम कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

मिली जानकारी के अनुसार फिंगेश्वर के ग्राम सिर्रीखुर्द उप स्वास्थ्य केन्द्र में सीएचओ के पद पर पदस्थ युवती अराधना साहू एक युवक के साथ स्कूटर पर जा रही थी इसी दौरान बासीन के पास दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया और लड़का मारपीट करने लगा जिससे डरकर युवती जान बचाने बासीन में एक ग्रामीण के घर में घुई गई और युवक भी उसके पीछे-पीछे घर में घूस गया और तलवार नुमा हथियार से युवती पर ताबड़तोड़ वार कर दिया। इस हमले से युवती की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना की खबर फैलते ही गांव में हड़कंप मच गया है और तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गई। इधर हत्या कर भाग रहे युवक को ग्रामीणों ने गांव से 2 किलोमीटर दूर एक खेत में घेराबंदी कर पकड़ा इस दौरान पुलिस भी पहुंच चुकी थी। आरोपी का युवक श्याम साहू पिता पुनाराम साहू उम्र 26वर्ष शीतला पारा नयापारा निवासी है। वहीं मृतक युवती की पहचान आराधना साहू निवासी मठ पुरैना रायपुर के रूप में हुई है जो कि फिंगेश्वर के ग्राम सिर्रीखुर्द उप स्वास्थ्य केन्द्र में सीएचओ के पद पर पदस्थ थी। फिलहाल फिंगेश्वर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

तेज रफ्तार ट्रेलर ने पहले कार को मारी ठोकर, बाइक सवार को रौंदा, एक की मौके पर मौत

कोरबा (ए.)। जिले में रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है. एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने पहले कार को ठोकर मारी उसके बाद बाइक सवार को रौंदा दिया। इस भीषण हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। हादसे के बाद आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर दिया। वहीं पुलिस अधिकारी के समझाइश के बाद लोगों ने प्रदर्शन बंद किया। यह मामला कुसमुंडा थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के अनुसार, सर्वमंगला चौकी अंतर्गत कनकी मुख्य मार्ग के पास अनियंत्रित ट्रेलर पहले एक कार को टक्कर मारी और फिर बाइक सवार को कुचल दिया। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ग्रामीणों ने चक्का जाम कर दिया। जिससे सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है। बाइक सवार मृतक की अब तक पहचान नहीं हो पाई है। बता दें कि ग्रामीणों ने एक दिन पहले ही भारी वाहनों के आवाजाही को लेकर आंदोलन किया था। ग्रामीणों का आरोप है कि भारी वाहन के चलते लगातार हादसे हो रहे हैं मौते हो रही है।

सरकारी स्कूल में घुसे चोर, लैपटॉप व कंप्यूटर सहित कई सामान पार

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। दुर्ग जिले के उतई थाना क्षेत्र में स्थित एक स्कूल में चोरी की घटना सामने आई है। स्कूल के कंप्यूटर रूम से लैटटॉप, कंप्यूटर व अन्य सामान चोरी हो गए जिसकी अनुमानित कीमत 80 हजार से ज्यादा बताई जा रही है। सोमवार को सुबह स्कूल में चोरी की जानकारी मिली और शिक्षक ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत पर उतई पुलिस ने अज्ञात पर धारा 380, 457 के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

मिली जानकारी के अनुसार चोरी की यह घटना महकाकला स्थित शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल की है। स्कूल के शिक्षक धनोरा निवासी भूषण कुमार साहू ने इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि 17 मार्च को प्रौढ शिक्षा का परीक्षा थी। स्कूल में करीब 6 बजे शाम को ताला लगाकर अपने घर चला गया। दूसरे दिन 18 मार्च को सुबह 7 बजे ग्राम महकाकला के रहने वाले केशव वर्मा ने मुझे फोन कर बताया कि स्कूल का ताला टूटा हुआ है।

यह सूचना मिलने के बाद भूषण साहू तुरंत स्कूल पहुंचा तो देखा कि स्टाफरूम और कम्प्यूटर रूम का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखने पर कमरे में रखा एचपी कंपनी का लेपटाप काला

कलर, एचपी कंपनी का प्रिंटर ग्रे कलर, स्पीकर, माउस, कीबोर्ड, मानीटर, सीपीयू, प्रोजेक्टर, राउटर आदि गायब मिले। रविवार व सोमवार की दरमियानी रात को स्कूल में चोरी हुई है। इस मामले में उतई पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बोलेरो सवार ने ट्रक के हेल्पर पर चढ़ा दी गाड़ी, मौके पर मौत

भिलाई। दुर्ग जिले के धमधा थाना क्षेत्र में बुलेरो सवार ने एक ट्रक के हेल्पर पर गाड़ी चढ़ा दी और भाग निकला। घटना 15 मार्च की बताई जा रही है। मामले की शिकायत के बाद धमधा पुलिस एक्टिव हुई और चारों ओर नाकेबंदी की। पुलिस ने बोलेरो सवार दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

मिली जानकारी के अनुसार कामठी रोड नागपुर महाराष्ट्र निवासी बलकार सिंह ट्रक चलाता है। वह अपने हेल्पर टी उर्फ गणेश दुबे के साथ रायगढ़ से सरिया लोडकर 14 मार्च को नागपुर के लिए निकला था। 15 मार्च को वे बेमेतरा होते हुए देवकर के पास ठेलका डाबा पहुंचे। यहां पर एक बोलेरो सवार ने रांग साइड से आकर ट्रक को ठोकर मार दी। इसके बाद हेल्पर गणेश दुबे नीचे उतरा और बोलेरो सवारों से पूछने पर विवाद करने लगे। विवाद बढ़ा तो बोलेरो चालक ने गाड़ी रिवर्स की और तेज रफ्तार से हेल्पर गणेश पर चढ़ा दी। इससे गणेश दुबे की मौत हो गई।

मामले की शिकायत के बाद धमधा पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। ट्रक चालक बलकार ने बोलेरो का नंबर नोट किया था जो उसने पुलिस को बताया। पुलिस नंबर के आधार पर आरोपियों की पहचान चालक विवेक जंघेल (23) और जसवंत जंघेल (19) के रूप की। घटना की रात को भागने के चक्कर में जालबांधा के पास एक मोड़ पर उनकी गाड़ी गड्ढे में फंस गई, जो निकल ही नहीं पाई तो गाड़ी छोड़कर भाग गए। पुलिस ने गाड़ी बरामद कर लिया। इसके बाद पुलिस ने रविवार शाम को दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर धारा 302 के तहत कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया।

जादू-टोना के शक में बहू ने सास की कर दी हत्या

बलरामपुर (ए.)। छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में जादू टोना के शक में बहू ने अपनी सास की हत्या कर दी। रात को जब सास सो रही थी उस समय बहू ने कुल्हाड़ी से वार कर दिया। हत्या के बाद बहू मौके से फरार हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इसके बाद फरार बहू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। घटना जिले के रामचंद्रपुर थाना अंतर्गत गांव अनिरुद्धपुर की है।

इस संबंध में पुलिस ने बताया कि घटना रविवार रात की है। अनिरुद्धपुर निवासी 58 वर्षीय दोलावती अपने घर में सोई हुई थी। रात को अचानक से उसकी बहू संगीता कुमारी ने कुल्हाडी से हमला कर दिया। बहू का मानना था कि उसकी सास ने उसके ढाई माह के बेटे पर जादू टोना किया है जिसके कारण वह अक्सर बीमार रहता है। हमले के बाद चीख पुकार मच गई और बहू यह देख फरार हो गई। इसके बाद पहुंचे परिजनों ने दोलवती को अस्पताल में भर्ती कराया।

दोलवती की गंभीर हालत को देख डॉक्टरों ने उसे रायपुर रेपर किया। रायपुर लाने के बाद भी महिला बच न सकी और उसकी मौत हो गई। रायपुर से लौटने के बाद दोलावती के पति ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। सूचना के बाद पुलिस ने फरार आरोपी बहू संगीता के खिलाफ धारा 302 के तहत रिपोर्ट दर्ज किया। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। पुलिस को उसने जो बयान दिया उसमे उसने बताया कि उसकी सास ने उसके बच्चे पर जादू टोना किया था।

सनशाइन केटर्स और टू व्हीलर पार्किंग में चल रही छानबीन

रेलवे स्टेशन में जीएसटी का छापा

रायपुर (ए.)। रायपुर रेलवे स्टेशन में जीएसटी ने छापा मारा है। दरअसल टीम ने सन शाइन कैटर्स और टू व्हीलर पार्किंग में रेड मारी है। फिलहाल दोनों ही जगहों पर अधिकारी जांच कर रहे हैं। सूचना मिली है कि, सन शाइन कैटर्स के करीबी के दुर्ग स्थित ठिकाने में भी छापा पड़ा है।

मिली जानकारी के अनुसार, रायपुर रेलवे स्टेशन में संचालित सन शाइन कैटरर्स के स्टॉल के लाइसेंस फीस कैश में जमा किए जाने का मामला सामने आया था। इस फर्म का जीएसटी नंबर, जो छत्तीसगढ़ में लिया गया था वह 2017 से बंद है। इनके फर्म दुर्ग के साथ-साथ पूरे देश में हैं।

सूत्रों के अनुसार, यहां कंपनी का कोई भी बैंक अकाउंट नहीं है। इस फर्म के अलावा इनके परिवार की अन्य दर्जनों फर्म दुर्ग के साथ-साथ पूरे देश में मौजूद है। लेकिन रेलवे में इनका तगड़ा जुगाड़ है इस वजह से इनकी छत्र-छाया में पूरा रेलवे डिपार्टमेंट फूल-फूल रहा है। यही कारण है कि, अब तक इसकी जांच नहीं हो रही है। जानकारी मिली है कि, पहले भी जीएसटी की ओर से नोटिस भी जारी की गई थी।

महिला थाने में पति-पत्नी का फैमिली ड्रामा

रायपुर (ए.)। पति-पत्नी का विवाद महिला थाने पहुंचा। पुलिसवालों ने दोनों के बीच सुलह कराने के लिए काउंसिलिंग शुरू की। बातचीत के दौरान पत्नी अचानक उग्र हो गई। इसके बाद अपने पति से मारपीट शुरू कर दी। महिला की मां और भाई ने भी उसकी पिटाई कर दी। बचाव करने वाली महिला पुलिसकर्मियों से भी बदसलूकी की। इसके बाद महिला थाना प्रभारी ने आरोपी महिला और रिश्तेदारों के खिलाफ अपराध दर्ज कराया। उनके पति ने भी अलग से पत्नी, सास-साले के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया है। पुलिस के मुताबिक सैय्यद आसिफ अली और उनकी पत्नी यास्मिन बानो के बीच विवाद चल रहा है। इसकी शिकायत महिला थाने तक पहुंची। दोनों के बीच विवाद सुलझाने और घर टूटने से बचाने के लिए पुलिस ने दोनों की काउंसिलिंग शुरू की।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें
9303289950, 9827806026
8962815243

Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी

RAKESH SINGH
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
पुष्पांजलि स्वीट्स के बाजू में, कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
V.I.P happy journey
AMERICAN TOURISTER

कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

भिलाई मसाला उद्योग

शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.

रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

खास - खबर

टीपीएल वर्कशॉप में सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान का आयोजन

भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र के टीपीएल वर्कषॉप द्वारा दिनांक 16 मार्च 2024 को सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन महाप्रबंधक शैलेन्द्र कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में सीआईएसएफगेट-04 के सामने (इस्पात भवन के निकट) किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाप्रबंधक (टीपीएल) शैलेन्द्र कुमार अग्रवाल ने वाहन चलाते वक्त व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग एवं गति नियंत्रण का आग्रह किया। इस कार्यक्रम का संचालन विभागीय सुरक्षा अधिकारी अनिल कुमार फुले ने किया। इस अवसर पर टीपीएल वर्कषॉप के समस्त कार्मिक हाथों में तक्तियां लेकर सड़क पर चल रहे यातायात की ओर उन्मुख होकर क्रैष हेलमेट पहनना, सीट बेल्ट बांधने, वाहन गतिसीमा एवं वाहन चलाते समय मोबाईल का उपयोग न करने संबंधित सावधानियों को प्रदर्षित कर रहे थे।

सिविक सेंटर में नये सबस्टेशन की स्थापना

भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के तहत संचालित टाउन इंजीनियरिंग इलेक्ट्रिकल डिपार्टमेंट (टीईईडी) के एचटी और एलटी समूह ने संयुक्त रूप से मिलकर न्यू सिविक सेंटर में एक नया 315 केवीए के सबस्टेशन स्थापित किया है। आयकर कार्यालय के पास स्थित 500 केवीए के सबस्टेशन में 100 प्रतिषत लोड के कारण अक्सर ब्रेकडाउन और केबल बर्नआउट का खतरा लगा रहता था। इन परिस्थितियों को देखते हुए भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा आंतरिक संसाधनों के माध्यम ये इस नये सबस्टेषन की स्थापना की गई है। नए सबस्टेशन को बनाने और कमिषनिंग का कार्य 3 महीने में पूरा हुआ। इस कार्य में पूरा करने में सहायक प्रबंधक जे पी पांडे व रणबीर पुन्न, वरिष्ठ प्रबंधक पी एस सिदार व दिनेश वर्मा, उप प्रबंधक नंद किशोर, चार्जमेन कम मास्टर टेक्नीशियन ई वी सुनील, सीनियर टेक्नीशियन बी एस ठाकुर, मोहम्मद मुस्ताक्रिन व सुब्रमणि तथा ठेका श्रमिक शामिल थे।

रिफैक्ट्री इंजीनियरिंग विभाग में 'नई चेतना' कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न

भिलाई। बीएसपी के रिफैक्ट्री इंजीनियरिंग विभाग में 16 मार्च 2024 को 'नई चेतना' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक सुधीर कुमार थे। कार्यक्रम में विभागीय सुरक्षा अधिकारी एवं उप महाप्रबंधकएस के अग्रवाल, सहायक महाप्रबंधक मालिनी परगनिहा और प्रबंधक फ्लोमिना इक्का उपस्थित थीं। कार्यक्रम में उप प्रबंधक शालिनी चैरसिया द्वारा ठेका श्रमिक महिलाओं को यौन उत्पीडन से सुरक्षा एवं जागरूकता से संबंधित जानकारी दी गयी। अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी चैतराम साहू ने ठेका श्रमिक महिलाओं के वेतन, श्रम कल्याणकारी योजनाओं एवं सुविधाओ से संबंधित जानकारी दी। चेतना सत्र का उद्देश्य महिला ठेका श्रमिकों को अपने कर्तव्य एवं जिम्मेदारी, अधिकार, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा से संबंधित सही जानकारी प्रदान करना था। कार्यकम का संचालन कनिष्ठ अधिकारी डॉ उपेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा किया गया।

लोकसभा निर्वाचन-2024

अधिकारी व कर्मचारियों के अवकाश एवं मुख्यालय छोड़ने पर प्रतिबंध, अवकाश में भी खुलेंगे कार्यालय

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा छत्तीसगढ़ लोकसभा निर्वाचन 2024 की घोषणा 16 मार्च 2024 को कर दी गई है। घोषणा दिनांक से ही जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा निर्वाचन संबंधी कार्यों के लिए अधिकारी व कर्मचारियों के अवकाश एवं मुख्यालय छोड़ने पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया गया है। अति आवश्यक होने पर आवेदन कार्यालय प्रमुख परीक्षण कर अनुशंसा के साथ कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी को नोडल अधिकारी के माध्यम से प्रस्तुत करेंगे।

जिला दण्डाधिकारी के आदेशानुसार निर्वाचन कार्य संपादन हेतु निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण एमसीएमसी, कंट्रोल रूम, सी-विजिल सहित अन्य शाखाओं में जिन अधिकारी व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, उन्हें तत्काल भारमुक्त करने के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में केवल कार्यालयीन कार्य का हवाला देकर ड्यूटी आदेश निरस्त करने संबंधी पत्राचार मान्य नहीं होगा। निर्वाचन कार्य संपादन हेतु जिन कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जा रही है, उन्हें आदेश तामील करने की जिम्मेदारी संबंधित कार्यालय/विभाग प्रमुख की होगी। निर्वाचन ड्यूटी हेतु अवकाश के दिन भी कार्यालय खुलेंगे।

निर्वाचन कर्त्तव्य से मुक्त करने संबंधी आवेदन आवश्यक दस्तावेज (स्वास्थ्यगत समस्या होने पर मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट) सहित कार्यालय प्रमुख अनुशंसा के साथ नोडल अधिकारी मतदान दल गठन के माध्यम से प्रस्तुत करेंगे। अवकाश अथवा निर्वाचन ड्यूटी से मुक्त करने हेतु कोई भी अधिकारी/कर्मचारी सीधे कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी में आवेदन प्रस्तुत नहीं करेंगे।

निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण अंतर्गत प्रर्वतन एजेंसियों की बैठक

लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों को व्यय लेखा का समुचित परीक्षण किये जाने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश हेतु 19 मार्च 2024 को दोपहर 12 बजे जिला कार्यालय के सभाकक्ष में बैठक रखी गयी है। भारत सरकार की ओर से नियुक्त श्रीमती रंजनी श्रीकुमार, आयकर अधिकारी एवं जिला नोडल अधिकारी, लोकसभा निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण, 2024 द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिये जाएंगे। उक्त बैठक में सभी प्रवर्तन एजेंसियां यथा आबकारी/एसजीएसटी/पुलिस/जी.आर.पी./आ र.पी.एफ/ ई.ई.एम. में लगे सभी अधिकारी/कर्मचारी द्वारा की गयी तैयारी एवं अब तक के कार्यों के विवरण के संबंध में पी.पी.टी. तैयार कर बैठक में स्वयं उपस्थित होने कहा गया है।

जनदर्शन कार्यक्रम स्थगित

लोकसभा चुनाव 2024 की आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। इस दौरान जिला कलेक्टोरेट में सप्ताह के प्रति सोमवार को आयोजित होने वाली जनदर्शन कार्यक्रम स्थगित रहेगी। आम जनता अपनी समस्या संबंधी आवेदन सारथी ऐप अथवा सारथी काउण्टर पर जमा करवा सकते हैं। आचार संहिता हटने के बाद फिर से कलेक्टर जनदर्शन शुरू किया जाएगा।

आबकारी विभाग की जारी टेलीफोन शिकायत नम्बर को मिल रही सकारात्मक प्रतिक्रिया

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार व सहायक आयुक्त आबकारी राजेश जायसवाल के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिले में अवैध मदिरा के विक्रय, धारण एवं परिवहन के नियंत्रण हेतु आम नागरिकों की सहभागिता के लिए टेलीफोन शिकायत नम्बर उपलब्ध करायी गई है, जिसके अन्तर्गत आबकारी विभाग दुर्ग के कार्यालयीन टेलीफोन नम्बर 0788-2325836 पर 24ग7 घण्टे सम्पर्क किया जा सकता है । साथ ही अपने आस - पास के क्षेत्रों में अवैध मदिरा के विक्रय, परिवहन एवं धारण करने वाले आरोपियों के विरूद्ध शिकायत दर्ज कराया जा सकता है। सहायक आयुक्त आबकारी, श्री राजेश जायसवाल ने बताया कि आबकारी विभाग द्वारा जारी किया गया टेलीफोन शिकायत नम्बर का सकारात्मक प्रतिक्रिया लोगो से प्राप्त हो रही है।

'टीम वर्क और अनुबंधों के प्रभावी निर्धारण और निष्पादन के माध्यम से ही हम सफल हो सकते हैं'- यू के झा

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। जब यू के झा, अगस्त 1985 में भिलाई इस्पात संयंत्र में शामिल हुए, तो उनकी पहली पोस्टिंग नगर सेवा विभाग या टाउन सर्विसेज डिपार्टमेंट (टीएसडी) में थी। जून 2022 में वे सेल-बीएसपी से मुख्य महाप्रबंधक के पद में नगर सेवा विभाग से सेवानिवृत्त हुए। इस बीच, श्री झा ने सिविल इंजीनियरिंग विभाग (वर्क्स), ट्रैफिक, कॉन्ट्रैक्ट सेल (वर्क्स और नॉन वर्क्स) सहित कई अन्य विभागों में काम किया। हालाँकि, बीएसपी में उन्होंने अपनी 37 वर्षों की सेवा का बड़ा हिस्सा दो विभागों, टीएसडी और सिविल इंजीनियरिंग विभाग (सीईडी) में बिताया।



1986 तक 10 साल टीएसडी में काम करने के बाद, श्री झा को सीईडी में वर्क्स एरिया में स्थानांतरित कर दिया गया, जहां उन्होंने 10 साल और 6 साल की दो अवधि में अपनी कार्यकाल के 16 साल बिताए। उन्होंने फरवरी 2021 से अपनी सेवानिवृत्ति तक नगर सेवा विभाग में मुख्य महाप्रबंधक के रूप में कार्य किया। श्री झा के पास इन दोनों विभागों का समृद्ध अनुभव है। श्री झा ने अपने अनुभव साझा किए और चुनौतियों के बारे में भी चर्चा की। साथ ही बताए कि अपनी टीम के साथ लिए गए निर्णयों और कार्यों ने संगठन को कैसे प्रभावित किया। श्री झा कहते हैं कि कॉलेज से निकले एक अनुभवहीन अकुशल व्यक्ति से तकनीकी और प्रशासनिक दोनों प्रकृति के कठिन और पेचीदा स्थितियों को संभालने में अधिक कुशल और दक्ष व्यक्ति बनने की मेरी इस यात्रा में मेरे पास अनगिनत और प्रचुर मात्रा में अनुभव है।

टीम वर्क ही सार है: श्री झा कहते हैं कि भिलाई इस्पात संयंत्र किसी व्यक्ति के लिए सीखने और अपना विकास करने के साथ-साथ कंपनी की प्रगति में अपना योगदान देने के लिए एक अद्भुत कार्यस्थल है। टीम वर्क को भिलाई में काम करने का सार बताते हुए श्री झा कहते हैं कि बीएसपी एक एकीकृत इस्पात संयंत्र है और इसकी विभिन्न प्रक्रियाएं श्रम-केंद्रित होने के कारण, सभी प्रमुख उपलब्धियाँ टीम वर्क के माध्यम से ही संभव हो पाती हैं। यह सॉफ्टवेयर, एआई आदि जैसे कुछ अन्य उद्योगों के विपरीत है जहां आपके प्रदर्शन से व्यक्तिगत उत्कृष्टता की भी गुंजाइश उपलब्ध होती है। इसलिए इस संगठन में उपलब्धियाँ केवल टीमों के माध्यम से संचालित होती हैं। कोई भी व्यक्ति, चाहे वह सदस्य हो या टीम लीडर, टीम वर्क के माध्यम से ही योगदान दे सकता है।

श्री झा कहते हैं कि सीईडी और नगर सेवा विभाग के प्रमुख के रूप में अपनी पिछले 10 वर्षों की सेवा के दौरान उन्होंने व्यवहारिक रूप से टीम वर्क को देखा है। उन्होंने कहा, मैं अच्छी तरह से समझ सकता हूं कि एक बार जब टीम के प्रत्येक सदस्यों में टीम के प्रति अपनेपन की भावना आ जाए, तो लक्ष्यों को पूरा करना, कठिन कार्यों को पूरा करने जैसे अन्य काम भी आसान हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए आपको सिर्फ टीम को प्रेरित रखना होता है, यही एक टीम लीडर का काम है।

श्री झा कहते हैं कि भिलाई में एचआरडी या रांची स्थित प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान द्वारा दिए गए औपचारिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों की भूमिका भी संयंत्र कर्मी के व्यक्तिगत विकास में महत्वपूर्ण है। कर्मचारियों के बीच औपचारिक कॉर्पोरेट प्रशिक्षण के प्रति सामान्य तौर पर नापसंदगी हो सकती है, लेकिन इन प्रशिक्षणों का प्रभाव लंबे समय तक रहता है श्री झा कहते हैं कि अनुबंधों के बारे में एक अन्य महत्वपूर्ण बिंदु, अनुबंधों के माध्यम से चयनित जनशक्ति की उचित गुणवत्ता के संदर्भ में है। यह देखते हुए कि संयंत्र में अधिकांश महत्वपूर्ण उपकरणों का संचालन और रखरखाव अनुबंध के माध्यम से किया जाता है, उपयुक्त, कुशल और अनुभवी जनशक्ति के चयन बहुत आवश्यक है। यह तभी सुनिश्चित किया जा सकता है जब अनुबंध के माध्यम से उपयुक्त व कुशल जनशक्ति का चयन किया जाए और उन्हें श्रम कानूनों के अनुसार उचित वेतन और सुविधाएं प्रदान की जाएं। तभी अनुबंधों के माध्यम से लंबे समय तक कार्य किया जा सकता है।

अनुबंधों का प्रभावी निर्धारण एवं क्रियान्वयन बेहतर निष्पादन के लिए महत्वपूर्ण

1985 में, बीएसपी में लगभग 65,000 कर्मचारी थे और टाउन सर्विसेज में लगभग 5000 कर्मचारी थे। उस समय अधिकांश कार्य विभागीय जनशक्ति के माध्यम से किये जाते थे तथा बहुत कम ठेके संचालित किये जाते थे। कर्मचारियों की संख्या अब घटकर लगभग 15,000 रह गई है। अब अधिकांश विभागों में नियमित जनशक्ति बहुत कम है और अधिकांश कार्य अनुबंध के माध्यम से किये जाते हैं। निष्पादन को कैसे बेहतर बनाया जा सकता है, इस पर अपने विचार साझा करते हुए श्री झा कहते हैं कि विभागीय कामकाज से कॉन्ट्रेक्चुअल कामकाज तक का परिवर्तनकाल सुचारू नहीं रहा है। अधिकांश नियंत्रक (कंट्रोलिंग) अधिकारी अभी भी विभागीय जनशक्ति के साथ काम करने को प्राथमिकता देते हैं और कॉन्ट्रेक्चुअल कामकाज के साथ ठीक से तालमेल नहीं बिठा पाते हैं। यहाँ ठेकेदारों को केवल जनशक्ति आपूर्तिकर्ता मानने की प्रवृत्ति है। अनुबंधों को तैयार करते समय जितना विचार और योजना (प्लानिंग) होनी चाहिए, उतना अक्सर नहीं होता है। परिणामस्वरूप ऐसे अनुबंधों को गैर-पेशेवर तरीके से निष्पादित किया जाता है। श्री झा कहते हैं कि इसलिए अनुबंध तैयार करने और उसके क्रियान्वयन पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है।

आप भी जानिये कार्यक्रम के तहत कार्मिकों की पत्नियों ने किया संयंत्र का भ्रमण

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। बीएसपी ने अपने कर्मठ कार्मिकों के योगदान की बदौलत उत्पादन एवं लाभ के कई कीर्तिमान स्थापित किये हैं। कार्मिक विभाग, कार्मिकों के परिवारजनों से अपनत्व एवं पारिवारिक रिश्ते को मजबूती प्रदान करने तथा उन्हें संयंत्र के उत्पादन गतिविधियों से परिचित कराने हेतु समय-समय पर आप भी जानिये कार्यक्रम का आयोजन करता है। इसी कड़ी में रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल विभाग के कार्मिकों की पत्नियों को भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न कार्य क्षेत्रों से रूबरू कराने के उद्देश्य से आप भी जानिये कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 16 मार्च 2024 को किया गया।

इस कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः मानव संसाधन विभाग में किया गया, जिसमे रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल विभाग के 24 कार्मिकों की पत्नियाँ शामिल हुई। इस अवसर पर रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल विभाग के विभागप्रमुख व मुख्य महाप्रबंधक टी दस्तीदार, महाप्रबंधक एस चट्टोपाध्याय, महाप्रबंधक सुधीर सोरटे, महाप्रबंधक सूरज कुमार सोनी, उप महाप्रबंधक राजीव कुमार, विभागीय सुरक्षा अधिकारी सुनील कुमार शुक्ला उपस्थित थे। कार्यक्रम के शुभारंभ के पश्चात कार्मिकों की पत्नियों को संयंत्र भ्रमण कराया गया। इसके अंतर्गत ब्लास्ट फर्नेस-8 (महामाया), एस.एम.एस.-3, यूनिवर्सल रेल मिल, रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल विभाग का भ्रमण कराया गया। भ्रमण के पश्चात रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल के सभागार में मुख्य महाप्रबंधक टी दस्तीदार ने कार्मिकों की पत्नियों से उनके अनुभवों की जानकारी ली।

कार्मिकों और उनके परिवारजनों के साथ अपनत्व एवं पारिवारिक रिश्ता कायम करने की दिशा में भिलाई इस्पात संयंत्र का कार्मिक विभाग सतत प्रयासरत है। कार्मिक अपने कार्यक्षेत्र में कैसे काम करते हैं तथा संयंत्र के विभिन्न इकाईयों में किस तरह उत्पादन होता है।

एसएलआरएम की बदहाल व्यवस्था देख आयुक्त ने कहा, ठेकेदार को दो नोटिस

श्रीकंचनपथ न्यूज

रिसाली। निगम क्षेत्र की सफाई व्यवस्था का जायजा लेने आयुक्त मोनिका वर्मा सुबह वार्डो का भ्रमण की। दूर से उठ रहे दुर्गन्ध की वजह से वे सीधे एस.एल.आर.एम. सेंटर पहुंची। नजारा देख नाराजगी व्यक्त की। बिना छटाई कचरा डंप देख उन्होंने ठेकेदार को तलब करते नोटिस जारी करने निर्देश दिए।

आयुक्त मोनिका वर्मा रूआबांधा क्षेत्र में नियमित चलने वाली सफाई व्यवस्था का जायजा ली। इस दौरान रूआबांधा तालाब के निकट बने एस.एल.आर.एम. सेंटर को देख नाराजगी व्यक्त की। यहां पर दो दिनों से कचरा पृथककरण कार्य बंद होना पाया गया। गीला-सूखा कचरा की सड़ांध से आस-पास का वातावरण दुषित हो रहा था। आयुक्त ने जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि सबसे पहले ठेकेदार को नोटिस जारी करे। वही कार्यालय समय पर अनुबंध फाईल को प्रस्तुत करे। मॉर्निंग विजिट में रूआबांधा क्षेत्र के प्रभारी उपअभियंता नितिश अमन साहू, जलकार्य प्रभारी गोपाल सिन्हा एवं जन स्वास्थ्य विभाग प्रभारी बृजेन्द्र परिहार शामिल थे।

शौचालय की व्यवस्था हो दुरूस्त

रूआबांधा वार्ड 2 के सार्वजनिक शौचालय का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान तालाब पारा स्थित शौचालय का केयर टेकर नदारद मिला। वही तालाब के नीचे स्थित शौचालय की व्यवस्था देख आयुक्त ने संतोष व्यक्त किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने तालाब पार में बिखरे कचरा को तत्काल उठाने निर्देश दिए। दरअसल उक्त कचरा नागरिकों द्वारा डंप किया जा रहा था।

आचार संहिता का हो पालन

आयुक्त मोनिका वर्मा साफ सफाई व्यवस्था को देखने के बाद संपत्ति विरूपण कार्यवाही का निरीक्षण की। इस दौरान कल्याणी मंदिर के निकट बने मंच और मरोदा चैपाटी के निकट लगे राजनेताओं व पार्षद के फोटो को ढकने कहा। आयुक्त ने निर्देश दिए कि संपत्ति विरूपण की कार्यवाही निरंतर चलाए। इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि कही दीवार लेखन, फ्लैक्स लगा तो नहीं है। होर्डिंग्स होने पर एजेंसी को तत्काल उसे हटाने के निर्देश दे।

सेक्टर-4 सोसाइटी ने रिटायर बीएसपी कर्मियों को विदाई दी

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। बीएसपी एम्पलाइज कोऑपरेटिव एंड वेलफेयर सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-4 ने एक समारोह में फरवरी 2024 में भिलाई स्टील प्लांट की सेवा से निवृत्त हुए अपने सदस्य कर्मियों को ससम्मान विदाई दी। इन रिटायर कर्मियों को अध्यक्ष अशोक परगनिहा व पदाधिकारियों ने सम्मान पत्र, मिठाई, श्रीफल व अंतिम भुगतान का चेक प्रदान कर उन्हें भविष्य की शुभकामनाएं दी।

इस दौरान सोसाइटी के अध्यक्ष अशोक परगनिहा ने कहा कि रिटायरमेंट के बाद नए जीवन की शुरूआत भी एक सत्य है और हमारे सभी वरिष्ठ साथियों को जीवन के इस नए पड़ाव की शुभकामनाएं। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी रिटायर सदस्यों का सोसाइटी को मार्गदर्शन मिलता रहेगा। इन रिटायर कर्मियों में ओर हैंडलिंग प्लांट से राजेंद्र कुमार बंजारे, स्टील मेल्टिंग शॉप-2 से राजू प्रसाद, प्लेट मिल से सतीश कुमार सोनी, रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल से सतनाम सिंह, ब्लास्ट फर्नेस से विलास राउलकर, बार एंड रॉड मिल से वी. साधु राव, सिंटर प्लांट-3 से स्वामीनाथ, ट्रांसपोर्ट एंड डीजल ऑर्गेनाइजेशन से पी मुरहरी, मेडिकल से शेखर चंद कलार, रिफ्रैक्टरीज इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट 1 से मोतीलाल, मर्चेंट मिल से शीतल कुमार पटेल और स्टोर्स से मनमोहन कृष्ण दिप्ते शामिल हैं। विदाई समारोह में इन रिटायर कर्मियों ने भी अपने उद्गार व्यक्त किए। इस अवसर पर उपाध्यक्ष अशोक राठौर,आसमां परवीन,संचालक मंडल सदस्यगण विपिन बंछोर, पुरुषोत्तम सिंह कंवर, पूरन लाल देवांगन, जानकी राव, सतानंद चंद्राकर,शशिभूषण सिंह,नितिशा साहू और वेद प्रकाश सूर्यवंशी और सोसायटी के कर्मियों में पीयूष कर, सुदीप बनर्जी,नारायण साहू और सुरेश कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन विपिन बंछोर ने किया।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950